RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 08 | सीकर, शुक्रवार 06 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# विधानसभा में जोरदार हंगामा, सभापति-डोटासरा में नोकझोंक
## बोले- आप सड़क छाप लग रहे; कांग्रेस-भाजपा विधायक आमने-सामने हुए



जयपुर।

विधानसभा में बिल पर बहस के दौरान सभापति संदीप शर्मा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच नोकझोंक हो गई। डोटासरा के सभापति के प्रति बर्ताव को लेकर सत्तापक्ष ने कड़ी आपत्ति की, इस पर दोनों तरफ से जमकर हंगामा और नारेबाजी हुई। कांग्रेस और बीजेपी के विधायक आमने-सामने हो गए। काफी देर हंगामे के बीच ही बिल पर बहस चलती रही, हंगामा बढ़ने पर आधे घंटे के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा दुकान वाणिज्यिक अधिष्ठान बिल पर बहस में बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति संदीप शर्मा ने हरिमोहन शर्मा को वक्त ध्यान दिलाते हुए घंटी बजाई। इस पर गोविंद सिंह डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि बिल पर बहस के दौरान किसी विधायक को घंटी बजाकर टोकने की परंपरा नहीं है। यह गलत हो रहा है। आप घंटी नहीं बजा सकते। इसी बात को लेकर डोटासरा की सभापति से जमकर बहस और नोकझोंक हो गई। सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि आप इस तरह बात नहीं कर सकते हैं, चेयर का सम्मान करना होता है, यह गलत है। सभापति से नोकझोंक करते देख मंत्रियों औ बीजेपी विधायकों ने कड़ा ऐतराज जताया। संसदीय कार्य मंत्री जोगराम पटेल, मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि आसान को धमकाया जा रहा है, यह बर्दाश्त नहीं होगा।

### सभापति ने कहा- आप सड़क छाप लग रहे हो

कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। डोटासरा ने हंगामे के बीच सभापति पर टिप्पणी करना जारी रखा। इस पर सभापति ने कहा- आपकी हरकतें सड़क छाप हैं। सड़क छाप आप लग रहे हो। ये आपके संस्कार हैं क्या? इस तरह नहीं चल सकता। अपनी भाषा पर गौर कीजिए।

### डोटासरा ने कहा- संदीप शर्मा का मेडिकल टेस्ट करवाएं, स्पीकर ने आपत्ति की

विधानसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी चेयर पर आए। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि बिल पर हरिमोहन शर्मा के बोलने के दौरान सभापति ने घंटी बजाकर टोका तो मैंने उनसे कहा था कि यह उचित नहीं है। इसके बाद सभापति संदीप शर्मा ने बहुत ही आक्रामक होकर टिप्पणियां कीं, इनका मेडिकल टेस्ट करवाएं। स्पीकर ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा कि संदीप शर्मा उस वक्त सभापति के तौर पर चेयर पर थे, उनके खिलाफ इस तरह कमेंट नहीं कर सकते। यह कार्यवाही से निकाला जाएगा।

### संदीप शर्मा बोले-डोटासरा ने विकृत मानसिकता के व्यक्ति जैसी हरकतें कीं

संदीप शर्मा ने कहा- डोटासरा ने मानसिक विकृत व्यक्ति जैसी हरकतें कीं। इनकार व्यवहार बिल्कुल भी ससंदीय नहीं था। मेडिकल टेस्ट इनका भी होना चाहिए।

### पटेल बोले- डोटासरा का बर्ताव खराब

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा ने सभापति के प्रति बहुत ही ओछी टिप्पणियां कीं। इनका व्यवहार किसी भी रूप से संसदीय परंपराओं के अनुकूल नहीं था। स्पीकर पूरी कार्यवाही की रिकॉर्डिंग देख सकते हैं, डोटासरा ने ऐसी ऐसी टिप्पणणियां कीं, जो कोई कहने की सोच भी नहीं सकता।

### स्पीकर ने कहा- पूरे मामले को देखकर फैसला होगा

सदन में बने गतिरोध पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि जो कुछ हुआ है, उसे देखा जाएगा। सभापति को मैंने ही कहा था कि सबको 5—5 मिनट बोलने का समय देना है। इस पूरे मामले को देखा जाएगा, मैं पूरी कार्यवाही देखूंगा, उसके बाद फैसला होगा।

ईरान पर अजरबैजान में ड्रोन हमले का आरोप : अजरबैजानी राष्ट्रपति बोले

# ईरान माफी मांगे, राजदूत को तलब किया; तेहरान का हमले से इनकार



तेल अवीव/तेहरान।

अजरबैजान ने खुद पर हुए ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा कि इस घटना पर ईरान को माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा ईरानी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय के अनुसार एक ड्रोन नखचिवान इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन से टकराया, जबकि दूसरा शकराबाद गांव में एक स्कूल के पास गिरा। इस घटना में एयरपोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा और दो नागरिक घायल हो गए। राष्ट्रपति अलीयेव ने इस घटना को 'कायराना हमला' बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ईरान ने इस ड्रोन हमले में हाथ होने से इनकार किया है और कहा है कि इस घटना की जांच की जा रही है।

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है।

भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी।

### ब्रिटेन साइप्रस में एंटी-ड्रोन हेलिकॉप्टर भेजेगा

ब्रिटेन ने साइप्रस में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एंटी-ड्रोन क्षमता से लैस वाइल्डकैट हेलिकॉप्टर भेजने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि ये हेलिकॉप्टर शुक्रवार को साइप्रस पहुंचेंगे। स्टार्मर ने बताया कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्री फिलहाल साइप्रस में मौजूद हैं और वहां सैन्य अभियानों के समन्वय के साथ सैनिकों से मुलाकात कर रहे हैं। ब्रिटेन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूर्वी भूमध्यसागर में अपने युद्धपोत ॥स्र् ड्रैगन को भी तैनात कर रहा है।

### ईरान बोला- अजरबैजान पर ड्रोन हमले में हमारा हाथ नहीं

ईरान ने अजरबैजान में हुए ड्रोन हमले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने अजरबैजानी समकक्ष से फोन पर बातचीत में कहा कि तेहरान ने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन या अन्य प्रोजेक्टाइल नहीं दागा। उन्होंने बताया कि ईरान की सेना इस घटना की जांच कर रही है। अराघची ने यह भी कहा कि ऐसे हमलों के पीछे इजराइल की भूमिका हो सकती है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच संबंध खराब करना है।

# भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में
## इंग्लैंड को 7 रन से हराया; सैमसन ने 89 रन बनाए






मुंबई।

भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी।

जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके।

संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई, भारत 253/7 भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। जोकि टीम ने इस वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड हैं, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे। इंग्लैंड की खराब शुरुआत, बेथेल का शतक बेकार 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 68 रन बनाने में टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। वरुण चक्रवर्ती ने जोस बटलर (25 रन), जसप्रीत बुमराह ने हैरी ब्रूक (7 रन) और हार्दिक पंड्या ने फिल सॉल्ट (5 रन) को पवेलियन की राह दिखाई।

# जुलाई से अब तक केवल 4 स्कूलों में काम हुआ
## जर्जर स्कूलों को लेकर हाईकोर्ट ने कहा-मार्च में बजट लेप्स हो रहा,सरकार टेंडर ही कर रही है

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के जर्जर भवन और क्लास रूम को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जुलाई से लेकर अब तक केवल चार स्कूलों में काम शुरू हुआ है। मार्च में बजट लैप्स होने वाला है। इसके बाद भी सरकार केवल टेंडर ही कर रही है। यह मौखिक टिप्पणी आज जस्टिस महेंद्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद स्वप्रेरणा से दर्ज मामले पर सुनवाई करते हुए की।

**बजट सरकार की समस्या**- हाईकोर्ट ने कहा- जुलाई से लगातार हादसे हो रहे हैं। भरतपुर, बूंदी के स्कूलों में हादसे हो चुके हैं लेकिन सरकार अभी तक स्कूलों की मरम्मत के टेंडर ही जारी कर रही है।

# मोदी सरकार के आर्थिक सुधारों से देश में नए बिजनेस 27% बढ़े

नई दिल्ली



केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे आर्थिक सुधारों का प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। देश में नए बिजनेस की संख्या में 27% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो उद्यमिता और निवेश के लिए बेहतर बनते माहौल का संकेत देती है।

**10 महीनों में 1.98 लाख नए बिजनेस पंजीकृत**-सरकार द्वारा गुरुवार को जारी फैक्टशीट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2025-26) के पहले 10 महीनों में, यानी 3 फरवरी 2026 तक, भारत में 1.98 लाख नए बिजनेस पंजीकृत हुए हैं। तुलना करें तो वित्त वर्ष 2020-21 में यह संख्या 1.55 लाख थी, जिससे स्पष्ट होता है कि पिछले कुछ वर्षों में उद्यमिता गतिविधियों में तेजी आई है।

**बजट में व्यापार सुगमता पर जोर**-आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार ने डिजिटल ट्रेड सुविधा, कर निश्चितता, अनुपालन और मुकदमेबाजी में कमी, विश्वास आधारित सीमा शुल्क प्रणाली और निवेश-अनुकूल कर व्यवस्था के जरिए व्यापार में आसानी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया है।

**स्टार्टअप और निवेश माहौल को मिल रहा बढ़ावा**-सरकार के अनुसार स्टार्ट-अप इंडिया, क्रेडिट गारंटी योजना और डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल जैसे संस्थागत सुधार एक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-सक्षम और निवेशक-अनुकूल वातावरण तैयार कर रहे हैं। इन प्रयासों को जन विश्वास अधिनियम, इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) और मिनिमम अल्टरनेट टैक्स (एमएटी) जैसे नियामक सुधारों का भी समर्थन मिल रहा है।

**भारत बना प्रमुख स्टार्टअप इकोसिस्टम**-फरवरी 2026 तक भारत में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त 2.16 लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। इस संख्या के साथ भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक के रूप में उभर कर सामने आया है।

# पीएम मोदी आज 'कृषि और ग्रामीण रूपांतरण' वेबिनार को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 मार्च 2026 को सुबह 11:15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण रूपांतरण विषय पर बजट-उपरांत वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार का उद्देश्य बजट में घोषित पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करना है।

### चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे वेबिनार सत्र

इस विषय के अंतर्गत आठ अलग-अलग वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है—कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन तथा ग्रामीण आजीविका। इन सत्रों में इन क्षेत्रों के विकास और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा होगी।

### उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

बजट-उपरांत वेबिनार में उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत काजू, नारियल, चंदन, अगरवुड, बादाम, अखरोट और चिलगोज़ा जैसी फसलों की संभावनाओं के विकास पर विचार किया जाएगा।

### कोबरी-सार




# मुनीराम हत्याकांड मामले में तीन गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा 5 दिन के रिमांड पर
# हत्या के नामजद आरोपी के ठिकानों को नगरपालिका ने किया सीज

निसं



**बीदासर (नवयत्न)।** होली के पर्व पर सोमवार की मध्य रात्रि को कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाईवे 20 पर स्थित द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल पर बोलेरो केम्पर में सवार होकर आए बदमाशों ने होटल संचालक मुन्नीराम मंडा की गोलियों से भुनकर की गई निर्मम हत्या के बाद एक्शन मोड में आई पुलिस ने गुरूवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि मुन्नीराम की हत्या के षडयंत्र रचने व रैकी करने के आरोप में श्रीडूंगरगढ़ तहसील के घाबरिया अमृतवासी निवासी छात्र नेता सुभाष गोदारा, पुलिस थाना छापर के गांव जोगलिया निवासी लेखराम कड़वासरा और मोमासर निवासी मनोज मेघवाल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान सामने आया है कि मुन्नीराम की हत्या से पूर्व मनोज मेघवाल ने होटल में खाना खाने के बहाने मुन्नीराम की हर गतिविधियों की रैकी कर शुटर धनाराम व राजूराम को जानकारी दी।

सुभाष व लेखराम हत्या की षड़यंत्र में शामिल थे। उक्त आरोपी घटना के बाद हरियाणा भागने की फिराक में थे। जिनको हरियाणा बोर्डर पर ही पुलिस ने दबोच लिया। आरोपियों के सम्पूर्ण नेटवर्क का दौराने अनुसंधान पीसी रिमांड लिया जाकर खुलासा किया जाएगा। घटना के रैकी में शामिल मनोज मेघवाल को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा घटना के नामजद व घटना के षडयंत्र में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीमें आरोपियों की तलाश सरगर्मी से कर रही है। मुन्नीराम की हत्या की योजना कई दिनों से चल रही थी। पहले भी मुन्नीराम की हत्या का प्रयास किया गया था और दूसरों को भी हत्या करने की सुपारी दी गई थी जिसकी पुष्टि दौराने अनुसंधान की जाएगी। हत्या की योजना हत्या से पांच दिन पूर्व ही बना ली गई थी।

उन्होने बताया कि षड़यंत्र में शामिल देवीसिंह लगभग एक साल से निरंतर हत्या की योजना बना रहा था। वही आरोपियों से कड़ी पूछताछ के बाद मामले की जांच कर रहे बीदासर थानाधिकारी दिलीप सिंह ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर गुरूवार की देर शाम सुजानगढ़ न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने तीनों आरोपियों को पांच दिन के पीसी रिमांड पर भेजा है।



### हत्या के नामजद आरोपी के ठिकानों पर प्रशासन की दबिश

वहीं मुन्नीराम हत्याकांड के नामजद आरोपी एचएस देवीसिंह खेरिया के वार्ड चार स्थित मकान पर गुरूवार की शाम नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों ने पहुंचकर पालिका की बिना अनुमति के निर्माणाधीन दो मंजिला मकान को सीज कर दिया तथा घर के बाहर मुख्य मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इससे पूर्व कस्बे के पुराना बस स्टेंड पर एक आवासीय स्वीकृति पर बने दो मंजिला खुड़िया होटल को व्यवसायिक गतिविधियों के चलते पालिका ने सीज किया। सीज कार्यवाही के दौरान दोनों स्थानों पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। कार्यवाही में पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी, तहसीलदार अमरसिंह बोचला, ईओ पूनमचंद नाई, बीदासर थानाधिकारी दिलीप सिंह, सांडवा थानाधिकारी चौथमल वर्मा, छापर थानाधिकारी इंद्रलाल सहित पालिका के सफाई कर्मी उपस्थित थे। कार्यवाही के दौरान दोनों स्थानों पर नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ गई, उपस्थित भीड़ ने पुलिस और प्रशासन जिंदाबाद के नारे भी लगाए। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अमरसिंह बोचला ने बताया कि बीदासर के होटल पर हुई हत्या को लेकर संदिग्त व्यक्तियों की सम्पतियों को सीज किया जा रहा है जो अवैध है या अतिक्रमण कर रखा या बिना स्वीकृति निर्माण कार्य किया गया है।

# शहरी जल योजना स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने किया विधायक का सम्मान

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत के लिए शहरी जल योजना स्वीकृत होने पर गुरुवार को ग्रामीणों द्वारा विधायक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे। अध्यक्षता समाज सेवी बबलू अवाना ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि खेतड़ी क्षेत्र में पेयजल की समस्या होने के कारण राज्य सरकार को समस्या से अवगत करवाया गया था। इस दौरान गोठड़ा के लोगों के सामने आ रही पेयजल की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने बजट के बाद गोठड़ा कस्बे में शहरी जल योजना के पुनरुद्वार कार्य के लिए पाँच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। गोठड़ा कस्बा वर्तमान में खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत है। यहां के लोगों के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल योजना का जल्द शुभारंभ किया जाएगा, जिससे आमजन को समय पर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले में यमुना का पानी लाने का प्रयास किया जा रहा है। पानी आने के बाद क्षेत्र में पानी की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ढाणी भरगड़ान में पेयजल लाइन, पानी की टंकी, वार्ड एक, वार्ड 12 व आजाद मार्केट में नई पेयजल लाइन डाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर राजकुमार बाड़ेटिया, नरेश खटाना, अशोक कुमावत, धर्मपाल कुमावत, राजु कसाणा, होशियार सिंह कड़वासरा, विरेन्द्र कश्यप, बलबीर खटाणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## फंदे पर झूलता मिला बुजुर्ग का शव

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बुधवार शाम को सुजानगढ़ थाना क्षेत्र में गुलेरिया की रोही में मांडेता से सुरवास रोड पर स्थित खेत में खेजड़ी के पेड़ पर फंदे से लटका बुजुर्ग का शव मिलने की घटना सामने आई। जिस पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ के एस आई रामस्वरूप, हेड कांस्टेबल रमेश मीणा ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, शंकर और अन्य लोगों की सहायता से शव को उतारकर सुजानगढ़ बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान मांडेता रोड सुजानगढ़ निवासी मांगीलाल पुत्र कुणाराम जाट के रूप में हुई। गुरुवार सुबह पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक काफी समय से मानसिक तनाव में था तथा बुधवार दोपहर खेत की ओर गया था।

## ईएसएम रैली 8 मार्च को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम में 08 मार्च, 2026 को ईएसएम एक्स-सर्विसमैन रैली का आयोजन प्रस्तावित है। ईएसएम रैली को लेकर तैयारियां सुचारू हैं। ईएसएम रैली में सैन्य उपकरणों के प्रदर्शन में आमजन 08 मार्च को सांय 03 बजे से तथा 09 मार्च, 2026 को पूरे दिनभर भाग ले सकेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

ईएसएम रैली के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिनमें कलरिपयट्ठ, सिलंबट्टम, हॉट एयर बैलून, डॉग शो, गतका, पाइप बैंड, मलखंभ, फ्लाईपास्ट बाई एएलएच डब्ल्यूएसआई व सैन्य उपकरण प्रदर्शन सहित गतिविधियां शामिल हैं। सैन्य उपकरण प्रदर्शन में आमजन 08 मार्च को सांय 03 बजे से एवं 09 मार्च को दिनभर भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों, वीरांगनाओं व वेटरन अचीवर्स का सम्मान तथा चिकित्सा उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा। इसी क्रम में भूतपूर्व सैनिकों के लिए पेंशन व स्पर्श सहायता, शिकायत समाधान व रोजगार सहयोग तथा दंत चिकित्सा व अन्य चिकित्सा सुविधाओं के लिए शिविर भी लगाया जाएगा। रैली में करीब 6000 भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन, सैन्य अधिकारी, आमजन आदि भागीदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से ईएसएम रैली में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

## ज्ञापन : कोर्ट मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य हो

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान में बढ़ते ऑनर किलिंग और कम उम्र की लड़कियों के साथ धोखाधड़ी से कराए जा रहे कोर्ट मैरिज के मामलों को गंभीरता से लेते हुए बाजोर फाउंडेशन, सीकर ने एक बड़ी मांग उठाई है। फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर कोर्ट मैरिज में माता-पिता की सहमति को अनिवार्य करने की मांग की है।

### बढ़ते ऑनर किलिंग के मामलों पर चिंता

बाजोर फाउंडेशन की संरक्षक चम्पा बाजोर ने ज्ञापन में कहा कि राजस्थान में ऑनर किलिंग के मामलों का ग्राफ दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है, जो सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि शेखावाटी क्षेत्र में ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिनमें कम उम्र की भोली-भाली लड़कियों को बहला-फुसलाकर, धोखे में रखकर या जबरन विवाह पंजीकरण करा लिया जाता है।

### परिवारों का मानसिक आघात

चम्पा बाजोर ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से प्रभावित परिवारों को मानसिक आघात झेलना पड़ता है, जिससे कई बार दुखद परिणाम भी सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह पंजीकरण के लिए एक माह पूर्व माता-पिता और परिवारजनों को सूचना देकर उनकी सहमति अनिवार्य करने वाला कानून बनाने की आवश्यकता है।

### गुजरात मॉडल लागू करने की मांग

फाउंडेशन के संस्थापक मोहन बाजोर ने कहा कि युवक-युवतियों को विवाह करने की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन यह स्वतंत्रता धोखाधड़ी और ऑनर किलिंग का कारण न बने, यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राजस्थान सरकार से मांग की कि गुजरात सरकार की तर्ज पर विवाह पंजीकरण के लिए माता-पिता या अभिभावक को सूचना देने और उनकी सहमति को अनिवार्य करने वाला कानून तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। बाजोर फाउंडेशन का कहना है कि यदि यह कानून बनता है तो कम उम्र की लड़कियों के साथ होने वाले धोखाधड़ी के विवाह और ऑनर किलिंग जैसी सामाजिक बुराइयों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

## खूब जमा फाल्गुन उत्सव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नया बास में माता जी मंदिर की गली में रात्रि को विशेष होली धमाल का आयोजन किया गया। होली के रसिया रामावतार मंत्री ने बताया कि होली पर्व पर नरेंद्र शर्मा व आकाश सोनी द्वारा गणेश वंदना से आगाज किया। लालर ल्या दे रे नंन्दल रा बीरा, राजा बलि की द्वार मची रे होली से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। रामकरण पारीक, पिंटू सोनी, राहुल पारीक द्वारा भेरू बिल मायो रे व राजस्थानी गीतों व एक से बढ़कर एक होली धमाल गाकर होली का माहौल बना दिया। जिसमें सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष नाचते हुए कार्यक्रम का आंनद लिया। किशन सोनी, शिवम मंत्री, महेश सोनी, मनीष शर्मा, शिवम शर्मा, रमेश स्वामी, गणेश सोनी, प्रदीप सोनी, संजय सोनी, मोहन लाल जांगिड़, मोहित तोषनीवाल, विनीत तोषनीवाल, घनश्याम कच्छावा, सुमनेश शर्मा, रतन सेन, धर्मेन्द्र किलक, सुभाष जाजू, कमल नयन, दिलीप तोषनीवाल व श्याम सखी मंडल की सदस्याएं उपस्थित रही।

## आरएलपी कार्यालय का हुआ शुभारंभ

### पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** निम्बी जोधा मार्ग स्थित मेहरिया निवास पर गुरुवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रभातीलाल जाट सह प्रभारी अजमेर संभाग, ज्ञानाराम मेहरिया ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीएलए प्रथम ज्ञानाराम मेहरिया ने आधा दर्जन लोगों को आरएलपी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभातीलाल जाट ने कहा कि सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में पार्टी का बूथ प्रबंधन मजबूत किया जा रहा है। पहले प्रदेश की जनता के पास कांग्रेस और भाजपा के अलावा अन्य विकल्प नहीं था इसलिए जनता के साथ ठगी होती रही। जब से आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए प्रदेश में रालोपा उभर कर सामने आई है इसके बाद लोगों का राजनीति में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने ज्ञानाराम मेहरिया से स्थानीय कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और समर्पित कार्यकर्ताओं को जोड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही।

इस अवसर पर प्रभातीलाल, सुरजाराम, राकेश शिवरान, सुखराम सारण, भंवराराम, श्रवण, हरिराम, आमीन छींपा, शोएब सिलावट आदि गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एआईसीसी की मीडिया समन्वयक डॉ चयनिका उनियाल का अभिनंदन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया समन्वयक और इतिहास की प्रोफेसर डॉ चयनिका उनियाल पंडा का अभिनंदन किया गया। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने डॉ चयनिका उनियाल को दुशाला, दुपट्टा, पुष्पहार और प्रतीक चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। कीलक ने डॉ. उनियाल को राष्ट्रीय जाट महासभा की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए स्थानीय और प्रदेश की राजनैतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ चयनिका उनियाल पंडा ने कहा कि समाजसेवा और वंचितों को सहयोग करने में राष्ट्रीय जाट महासभा बेहतरीन कार्य कर रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** विप्र मंडल की ओर से गोपीनाथ मंदिर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। योग गुरु संपत शर्मा, प्राचार्य राजाराम सुरोलिया, शरद शर्मा, महेश पसोरिया, सुभाष शर्मा, मनोज चौमाल, सुरेंद्र शर्मा, रजनीश पांडे, महेंद्र दाधीच ने चंग एवं ढप पर फाल्गुनी धमाल एवं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। विप्र समाज के लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। मंदिर पुजारी सुरेंद्र एवं महेश शर्मा के आरचर्यत्व मे गोपीनाथ जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। विप्र मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप बिंयाला ने आगंतुकों का सम्मान किया। अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, पवन पचलँगिया, आत्माराम जोशी, अशोक सुरोलिया, संजीव ढाचोलिया, मुरारीलाल शर्मा, मनीष शर्मा, गोकुल प्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा, पप्पू तिवाड़ी, आत्माराम जोशी, राकेश, प्रमोद पचलँगिया, संतोष शर्मा, गोविंद शर्मा, रामगोपाल डोलिया, पवन पांडे सहित बड़ी संख्या में विप्र जन मौजूद रहे।

## आमजन के परिवादों का हो प्राथमिकता से निस्तारण, मिलें बेहतरीन सुविधाएं : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के तारानगर उपखंड क्षेत्र की मिखाला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आईटी सेंटर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इसी के साथ उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। विभागीय अधिकारी जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आमजन द्वारा किसी भी माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रकरणवार चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए व कहा कि प्राथमिकता से आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। अधिकारी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के बारे में समुचित प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। जनसुनवाई में विद्युत आपूर्ति में कम वोल्टेज, गांव में पेयजल आपूर्ति में परेशानी, जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, आबादी विस्तार सहित कुल 08 प्रकरण प्राप्त हुएए जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने मिखाला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया और वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था तथा साफसफाई की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य जांच तथा नियमित गतिविधियों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। एसडीएम राजेन्द्र कुमार ने अधिकारियों को दिशा-निर्देशों की समुचित पालना कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार हनुमान सिंह, बीडीओ अशोक कुमार सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सात सौ रोगी लाभान्वित



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** शिक्षक हीरालाल बुगालिया की 8 वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक निवास स्थान पर बुधवार को लगे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सात सौ रोगियों ने चिकित्सा लाभ लिया।अभिषेक बुगालिया ने बताया कि इस मौके पर बीपी, शुगर, रक्त आदि की जांच की गई तथा ईसीजी की सुविधाएं भी उपलब्ध रही। शिविर में डॉ जेपी बुगालिया, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जयपाल बुगालिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नन्दकिशोर टीबड़ा, डॉ सन्दीप बेनीवाल, होम्योपैथी डॉ शुभम बुगालिया व नर्सिंग ऑफिसर राजीव डूडी ने रोगियों की जांच कर दवा दी गई। इस मौके पर डॉक्टरर्स की टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत हुई कार्यशाला




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 4 से 8 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को महिला अधिकारिता विभाग, चूरू द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम व एनीमिया जाँच कार्यशाला का ग्राम पंचायत लोढ़सर में आयोजन किया। कार्यशाला में सुपरवाईजर प्रीति ने महिलाओं एवं किशोरियों के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम व एनीमिया जॉच के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान कार्यकर्ता मंजू, ग्राम साथिन भावना मान, पन्नाध्याय सम्मान एव सुरक्षा केन्द्र परामर्शदाता सुमन चौधरी, आशा सहयोगिनी कंचन, सहायिका संजू एवं मेडिकल विभाग से अमित आदि उपस्थित रहे।

## 30 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** संचेती फाउंडेशन नागपुर की सीएसआर योजना के तहत गुरुवार को रामकृष्ण मिशन परिसर में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 30 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता थे, जबकि अध्यक्षता महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस. डे, एस शिव दर्शी, मयूख चटर्जी, मनीष गवई, चेतन कुमार जैन मौजूद थे। अध्यक्षता कर रही रीना गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं और हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराना समाज के लिए सराहनीय पहल है। सिलाई मशीन मिलने से महिलाएं घर बैठे काम कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगी और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बना पाएंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। रामकृष्ण मिशन के सचिव आत्मा निष्ठानंद महाराज ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस दौरान सीएसआर योजना के तहत महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता एवं पाली जैन ने 30 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की। इस मौके पर रेखा गवई, ममता राजपुरोहित, भानवी गुप्ता, एसएल चोपड़ा, जयराम गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता आदि मौजूद थे।

## शहरी क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अब शाम को भी मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अब शाम की पारी में भी आमजन को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि विभाग के निदेशक डॉ सुशील कुमार परमार ने गुरूवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम को 5 से 7 बजे तक खुले रहेंगे। शीत ऋतु में 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक और शाम को 4 से 6 बजे तक शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुले रहेंगे। रविवार और राजकीय अवकाश के दिन सुबह 9 से 11 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुले रहेंगे।

## जयपुर जिला प्रशासन करेगा मंदिर श्री खेड़ापति बालाजी का संचालन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के फागी के माधोराजपुरा स्थित मंदिर श्री खेड़ापति बालाजी अब जिला प्रशासन जयपुर के अधीन हो गया है। न्यायालय सिविल जज एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फागी जयपुर द्वारा 4 फरवरी 2026 को पारित आदेश की अनुपालना में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा मंदिर तथा उससे संबंधित समस्त संपत्तियों के प्रबंधन एवं संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है। मंदिर का संचालन प्रशासक , मंदिर ठिकाना गलताजी द्वारा किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर चतुर्थ अशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी, माधोराजपुरा करेंगे। समिति में तहसीलदार माधोराजपुरा तथा देवस्थान विभाग के निरीक्षक को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार मंदिर श्री खेड़ा हनुमान जी तथा उससे संबंधित समस्त संपत्तियों के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रशासक, मंदिर ठिकाना गलताजी को अधिकृत किया गया था। इसी क्रम में जिला कलक्टर द्वारा प्रबंधन एवं संचालन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष उपखण्ड अधिकारी माधोराजपुरा द्वारा 16 फरवरी 2026 को मंदिर का प्रबंधन एवं परिसंपत्तियां प्रशासक, मंदिर ठिकाना गलताजी के नियंत्रण में लेते हुए मंदिर के संचालन की व्यवस्था संभाल ली गई है। वर्तमान में मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना प्रारम्भ कर दी गई है तथा व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं।

# हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम नौसरिया में सर्व समाज द्वारा शिव मंदिर बगीची में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन भंवरलाल सारस्वत की अध्यक्षता तथा संत फलाहारी बाबा सीताराम महाराज के सानिध्य में हुआ। संत सीताराम महाराज ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि परमात्मा की अंश है अतः हम सभी को अपने अपने शुभ कर्मों का पालन करते हुए एक दूसरे के प्रति किसी भी प्रकार का जातिवाद अथवा ऊंच नीच का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उपस्थित युवाओं को हर प्रकार के नशे, आलस्य अथवा कुसंगत से दूर रहने हेतु आग्रह कर अपना जीवन कर्तव्य पथ पर चलते हुए राष्ट्र हित में काम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता गिरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपने सौ वर्ष पूर्ण होने पर समाज को संकल्प बद्ध करने के लिए अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के जाति पांति के भेद भूलकर हमें परस्पर स्नेह से समाज में रहना चाहिए तथा प्रतिदिन पूरे परिवार को एक साथ बैठकर भोजन तथा आपस में वार्तालाप करना चाहिए। खेती बाड़ी में गाय के गोबर से बनी हुई शुद्ध खाद को प्रयोग में लेना चाहिए। सम्मेलन में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अध्यक्ष सारस्वत ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। भैरव मंदिर पुजारी रिद्धकरण राजपुरोहित, शिव मंदिर पुजारी मदन सारस्वत, बालाजी मंदिर पुजारी कुंभाराम राजपुरोहित, हरिराम बाबा मंदिर पुजारी कन्हैयालाल, उदाराम मेघवाल, छोटू स्वामी, धर्मेंद्र सारस्वत, भगवानराम सारस्वत, गजानंद हुड्डा, भींवाराम हुड्डा, दातार सिंह, केसर सिंह चौहान, बंशीधर तावणिया, लक्ष्मीनारायण तावणिया, दुलारी देवी भोपा, नारायण नाई, मोहन स्वामी, सत्यनारायण सुथारए दीनदयाल सैन आदि को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगेंद्र शर्मा ने किया।

# बालिका जन्मोत्सव मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं के संरक्षण के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग, जिला सीकर द्वारा संचालित सजग लाडो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक खंडेला की ग्राम पंचायत चौमूं पुरोहितान में नारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चौमूं पुरोहितान की प्रशासक सुशीला देवी, ग्राम विकास अधिकारी अभिलाषा बाजिया, पटवारी सत्यनारायण मीणा, एएनएम सुशीला कुमारी, साथिन सुनीता सहित ग्राम पंचायत की अनेक महिलाएं, बालिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिलाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान साथिन सुनीता द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम उड़ान योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएँ उपलब्ध सरकारी सेवाओं और हेल्पलाइन का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। इस अवसर पर प्रशासक सरपंच सुशीला देवी ने महिलाओं को डिजिटल युग में सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं सकारात्मक उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए इसके लाभ एवं संभावित दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञानवर्धन, जानकारी प्राप्त करने एवं समाज के विकासात्मक कार्यों में सहभागिता के लिए करने की सलाह दी। ग्राम विकास अधिकारी अभिलाषा बाजिया ने महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं से सकारात्मक सोच अपनाने तथा सामाजिक विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक माहौल विकसित करने एवं बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी जन्मोत्सव का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा बालिकाओं को उपहार प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामीणों एवं प्रतिभागियों द्वारा बाल विवाह रोकथाम एवं बालिका संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में सभी ने समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने तथा बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।

# समस्या समाधान शिविर 13 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन 13 मार्च को सुबह 11 बजे बलिदानी योद्धा जयपाल चलका, सेना मेडल स्मारक, खींवासर में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि आसपास के गांवों के सभी पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं तथा उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में पेंशन, स्पर्श पीपीओ, रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आते समय अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

# अग्रवाल समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

## जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग भी परिवार संग थिरके

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनू द्वारा बुधवार शाम अग्रसेन भवन में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जयपुर से आए कलाकारों की आकर्षक झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग अपनी धर्मपत्नी ममता गर्ग के साथ कार्यक्रम के दौरान थिरकते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद शेखावाटी अंचल के प्रसिद्ध भजन गायक रवि तुलस्यान ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की मंगल शुरुआत की। समारोह में जयपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'रामलीला, बाहुबली हनुमान जी, नृसिंह अवतार, राधा-कृष्ण रासलीला, कृष्ण-सुदामा, शिव-पार्वती विवाह और शिव अघोरी जैसी झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई, मंत्री अजीत राणासरिया, कोषाध्यक्ष रितेश सिंघानिया, कार्यक्रम संयोजक ''सीए लोकेश अग्रवाल, सह-संयोजक प्रदीप भुकानिया और 'प्रमोद केडिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, उनकी धर्मपत्नी ममता गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता महेश टीबड़ा, कार्यक्रम के प्रायोजक मनीष बगड़िया, अग्रप्रसाद के प्रायोजक पवन कुमार जुगल किशोर मोदी, एवं विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र केडिया,रामोतार अग्रवाल और 'पवन कुमार तुलस्यान का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

समारोह का संचालन हरीश तुलस्यान ने किया। कार्यक्रम में शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महाराजा जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, अग्रवाल समाज के उपसचिव रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप गोयल कार्यकारिणी सदस्यों में दिनेश अग्रवाल, बालकिशन भूकनिआ, कपिल गाड़िया, चंद्रकांत बका, गुड्डू गाड़िया, हरीश तुलस्यान मनीष अग्रवाल नवीन केडिया अभिषेक मुरारका, अशोक मोदी, राहुल जगनानी, दुर्गादत्त तुलस्यान, पंकज राणासरिया, श्याम गोयनका, अशोक तुलस्यान, सपना राणासरिया विनोद सिंघानिया, श्रवण कुमार गोयनका, संजय बिलोटिया, राकेश हलवाई, सुनील खेतान, सुशील रींगसिया, अनिल गुप्ता, नारायण जालान राजकुमार तुलस्यान, किशोरीलाल टिबड़ा, मुकेश गुप्ता हलवाई विनोद कुमार सिंघानिया, सपना राणासरिया, सरिता राणासरिया, पारूल अग्रवाल, संगीता गुप्ता, उमा अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुषों और बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लेकर होली के इस मिलन समारोह का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों एवं समाजबंधुओं के लिए अग्रप्रसाद का आयोजन भी किया गया। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने वाला बताया।

# आज से शुरू होगा स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 : डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स दिखाएंगे खेल प्रतिभा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर रीजनल चैप्टर द्वारा आयोजित फ्लैगशिप स्पोर्टिंग इवेंट स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 का सातवां एडिशन 6 से 8 मार्च तक सवाई मान सिंह स्टेडियम में के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में शहर के डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स खेल प्रतियोगिताओं के साथ आपसी मेलजोल और नेटवर्किंग का अवसर प्राप्त करेंगे। चैप्टर चेयरमैन, क्षितिज मनु ने बताया कि यह आयोजन अब डिज़ाइन फ्रेटरनिटी का एक महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम बन चुका है। जो प्रोफेशनल जीवन के साथ-साथ फिटनेस, टीम भावना और आपसी जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स विभाग के सचिव आईएएसए डॉ. नीरज कुमार पवन मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस वर्ष प्रतियोगिता में छह टीमें, प्रिमार्क सुपर किंग आशीष गुप्ता, लैंटर्न लेजेंड्स संदीप जैन, तालुका फाइटर्स निखिल तालुका, अल्फिन रॉयल्स तुलसी राम मोदी, मंगल टाइटन्स शिव अग्रवाल, और वर्सटाइल वाइकिंग्स रीधम सुद्रानिया हिस्सा लेंगी। नेशनल एग्जीक्यूटिव मेंबर, शीतल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में पहली बार महिला क्रिकेट और किड्स क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं, जिससे सभी आयु वर्ग की भागीदारी बढ़ेगी। सेक्रेटरी, शिखा सिंह के अनुसार, कार्निवल में क्रिकेट के अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, गोल्फ, ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स और फन रेस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। पास्ट चेयरमैन, आशीष काला ने बताया कि लॉन्च कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी, टीम जर्सी और स्पोर्ट्स गियर का अनावरण किया गया। स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 के माध्यम से आईआईआईडीए जयपुर रीजनल चैप्टर खेलों के जरिए स्वास्थ्य, सहभागिता और मजबूत सामुदायिक संबंधों को बढ़ावा देने का संदेश दे रहा है।

# सूरजगढ़ निशान अर्पित कर लौटे श्याम दरबार मंदिर के भक्तों का किया स्वागत



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** खाटू धाम मंदिर पर महंत हजारी लाल इंदोरिया के सानिध्य में ऐतिहासिक सूरजगढ़ निशान अर्पित कर पैदल लौटे श्याम दरबार मंदिर के भक्तों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। चार दिन की पदयात्रा के बाद फाल्गुन मास की दशमी को सूरजगढ़ निशान खाटू पहुंचता है जहां पर हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दो दिन तक निशान की पूजा अर्चना की जाती है। दो दिन बाद द्वादशी को निशान खाटू धाम मंदिर के शिखर बंद पर अर्पित किया जाता है, जो सालभर मंदिर के शिखर बंद पर फहरता है। भक्त वापसी में भी पैदल आते हैं। वापस पहुंचे श्याम भक्तों महंत हजारी लाल इंदोरिया, भक्त ओमप्रकाश सैनी, भक्त कुरड़ाराम, भक्त रामनिवास सैनी, भक्त रूक्मानंद सैनी, भक्त कृष्ण कुमार सैनी, अशोक सैनी का कस्बे में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया।

# विधायक मुकेश भाकर निवास पर भव्य प्रीतिभोज

## 9 मार्च को विवाह सूत्र में बंधेंगे भाकर



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** विधायक मुकेश भाकर आगामी 9 मार्च को आरजेएस अधिकारी कोमल मीणा के साथ विवाह सूत्र में बंधने जा रहे हैं। इस शुभ अवसर के उपलक्ष्य में गुरुवार को लाडनूं स्थित भाकर निवास पर भव्य प्रीतिभोज समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। समारोह को लेकर सुबह से ही विधायक निवास पर विवाह की पारंपरिक रस्में उत्साह के साथ निभाई गईं। सुबह मुकेश भाकर की माताजी को उनके भाइयों द्वारा चुनरी ओढ़ाकर भात की रस्म अदा की गई। इसके बाद प्रीतिभोज और संगीत का दौर शुरू हुआ, जिसमें परिजनों, समर्थकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रीतिभोज के लिए जोधपुर से विशेष रूप से बुलाए गए कारीगरों की टीम द्वारा लगभग 35 हजार मेहमानों के लिए भोजन तैयार किया गया है। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया है दिनभर यहां मेहमानों का तांता लगा हुआ है। कार्यक्रम में प्रदेश के कई राजनीतिक व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट लाडनूं पहुंचे और विधायक मुकेश भाकर को उनके विवाह के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया, निर्मल चौधरी सहित अनेक राजनीतिक हस्तियां समारोह में शामिल हुईं।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में गुरुवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ एवं सिविल पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे कर्मचारी यूसुफ अपने अन्य साथी कर्मचारियों के साथ रेलवे ट्रेक की सार संभाल करने के लिए रतनगढ़-घुमान्दा सड़क मार्ग पर ट्रेक पर पहुंचा, तो वहां पर एक व्यक्ति का शव मिलाए जो क्षत विक्षित हालत में था। घटना से रेलवे अधिकारियों को अवगत करवाया, जिस पर आरपीएफ थाने के एएसआई लक्ष्मणराम डूडी मय जाप्ता पहुंचे, लेकिन मामला सिविल पुलिस का होने के कारण सिविल पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

# केक काटकर व गायों को गुड़ खिलाकर मनाया राठौड़ का जन्मदिन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे में बिजली बोर्ड के सामने गौरव पथ के दुकानदारों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़ का जन्मदिन मनाया एवं उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। पार्षद कृष्ण सहारण के नेतृत्व में विक्रम वालिया, मेघराज मोगा, रामकिशन कुलड़िया, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहारण, चयानणमल अग्रवाल, ओमप्रकाश गोस्वामी, भगवानाराम पेंसिया, लीलाधर वालिया, लक्ष्मण राजपुरोहित, अनिल शर्मा, बालकिशन सगतानी, गुलशन चाचान, करणीसिंह राठौड़, नरपत राजवी, दयानंद सहारण, सुशील सहारण आदि मौजूद थे। सात्यूं गांव में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम सिंह राठौड़ के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने गोशाला में जाकर गायों को गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर सात्यू मंडल अध्यक्ष मदन लाल नायक, रोहिताश दाधीच, डॉ देवीलाल जोशी, हरि इंदौरिया, रणवीर कुमार, संदीप कुमार अजय कुमार, मनोज कुमार, कमलेश कुमार अमित कुमार, सोनू, धर्मवीर, अजय नायक, नरेश कुमार, रवी, आशीष कुमार, कानाराम, सीताराम, भंवर धानक, न्याल सिंह नायक, मनीराम, कैलाश, विकास कुमार, भागुराम मेघवाल, रणवीर मेघवाल, रामसरूप स्वामी गौशाला अध्यक्ष ओर गौशाला के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्नेह मिलन के साथ मनाया पराक्रम सिंह का जन्मदिन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दाधीच समिति सभागार में होली स्नेह मिलन हुआ। जिसमें बीजेपी चूरू के जिला महामंत्री व यूथ क्लब एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व उप सभापति बाबूलाल कुलदीप रहे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सादगी के साथ पराक्रम सिंह का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम में पराक्रम सिंह को 11 किलो 21 किलो 51 किलो की फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, महावीर सिंह परावा, पार्षद मनोज पारीक, गौरव इंदौरिया, गणेश मंडावरिया, प्रेम स्वामी, रेवंतमल पंवार, रविन्द्र पांडे, मुरारी गोवला, हिमांशु भाटी, दीनदयाल, सोनू, करनी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बजरंग सिंह, उगम सिंह जोगलसर, छेलू सिंह, दुर्गाराम सारस्वत सारोठिया, तखुराम बावरी, करणी सिंह गेड़ाप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजलदेसर से आई पार्टी द्वारा चंग पर धमाल कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संचालन गौरव इंदौरिया ने किया।

# आज चादर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैसलमेर में 6 से 8 मार्च 2026 को तीन दिवसीय चादर महोत्सव और दादा गुरु इकतीसा पाठ का आयोजन होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा को भागवत संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 7 मार्च को विश्व भर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक दादा गुरु इकतीसा पाठ का ऐतिहासिक महासंकल्प है। कार्यक्रम का आयोजन दादा गुरूदेव जिनदत्त सूरि चादर महोत्सव समिति के अंतर्गत हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान, विद्या भारती तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सहभागी हैं। कार्यक्रम गच्छाधिपति आचार्य मणिप्रभ सूरी जी की पावन निश्रा में सम्पन्न होगा। इस विराट महोत्सव के प्रेरणास्त्रोत पूज्य आचार्य जिनमनोज्ञ सागर जी है । चादर महोत्सव समिति के चेयरमैन महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा एवं संयोजक जीतो के पूर्व चेयरमैन तेजराज गोलेछा है। आयोजन में विभिन्न भारतीय परंपराओं के करीब 400 संतों की उपस्थिति होगी।

करीब 20 हजार श्रद्धालुओं की तीन दिवसीय कार्यक्रम में मौजूदगी रहेगी। चादर महोत्सव समिति के चेयरमैन मंगल प्रभात लोढ़ा के अनुसार 6 से 8 मार्च 2026 को गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरी की पावन निश्रा में आयोजित होने जा रहे त्रिदिवसीय चादर महोत्सव का मुख्य आकर्षण 7 मार्च 2026 को विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक दादागुरु इकतीसा पाठ का ऐतिहासिक महासंकल्प रहेगा। निर्धारित समय पर देश विदेश में श्रद्धालु एक साथ पाठ करेंगे। जिससे वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। दादा गुरु इकतीसा कार्यक्रम के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रकाश चंद्र लोढ़ा व आयोजन समिति के सचिव पदम टाटिया ने बताया कि चादर महोत्सव के पहले दिन 6 मार्च को महोत्सव की शुरुआत गच्छाधिपति, आचार्य, उपाध्याय सहित भगवंतों के मंगल प्रवेश से होगी। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में आरएसएस सरसंघचालक मोहन राव भागवत मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर चादर समारोह सिक्का और विशेष डाक टिकट का विमोचन होगा। शाम को पहली बार दादा गुरुदेव के जीवन पर आधारित जीवंत नाटिका का मंचन होगा। चादर महोत्सव के दूसरे दिन 7 मार्च को जैसलमेर किले से चादर वरघोड़ा निकलेगा। इसके बाद 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालु पूरे विश्व में दादा गुरू इकतीसे का पाठ करेंगे।

## सम्पादकीय

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम और वैश्विक चिंता: जेसीपीओए की उलझी-उलझी कहानी



ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर पूरे विश्व में एक ख़ामोशी सी थी, एक डर का साया था। कहीं बिजली, ऊर्जा की आड़ में ईरान परमाणु बम न बना रहा हो। इस समस्या का समाधान ऐसे हुआ कि 2015 में ईरान और विश्व की छह महाशक्तियों — अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और चीन ने एक समझौता किया, जिसको नाम दिया गया जोइंट कॉम्पेंसिव या जेसीपीओए जिसका सरल शब्दों में मतलब है कि ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम सीमित करेगा, बदले में दुनिया उसके ऊपर लगे प्रतिबंध हटा देगी। ईरान कहता था कि उसका कार्यक्रम सिर्फ बिजली और ऊर्जा के लिए है लेकिन परमाणु टेक्नोलॉजी का दोहरा उपयोग किया जा सकता है जो यूरेनियम शहरों को रोशन करता है, वही थोड़ा और बड़े स्तर पर परमाणु बम भी बना सकता है।

**ईरान के परमाणु हथियार बनाने से क्या है दिक्कत?**-विश्व की सबसे बड़ी चिंता यह थी कि अगर ईरान परमाणु हथियार बना लेता है तो मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में हथियारों की होड़ शुरू हो जाती, सऊदी अरब-ईरान प्रतिद्वंद्विता तेज हो जाती, इजरायल के साथ तनाव चरम पर पहुँच जाता और अमेरिका तक युद्ध की आँच पहुँचने की आशंका बढ़ जाती। जेसीपीओए समझौते ने इसी परिस्थिति को बदला मगर उसके बाद आखिर क्या-क्या बदला? ईरान ने अपने यूरेनियम के स्टॉक घटाए, हजारों सेंट्रीफ्यूज तोड़े, अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को परमाणु संयत्रों का एक्सेस दिया। इतना तो हो गया, सरदर्दी कुछ हद तक गयी, बदले में ईरान पर लगे तेल निर्यात और बैंकिंग पाबंदियां हटाई गईं। ईरान की अधमरी अर्थव्यवस्था दोबारा सांस लेने लगी। तेल निर्यात बढ़ा, विदेश कंपनियां लौटने लगीं लेकिन 2018 में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एकतरफा तरीके से समझौते से अमेरिका को बाहर कर लिया। उनकी दलील थी कि यह समझौता कमजोर है, ईरान के मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को नहीं रोकता। फिर क्या था, जैसे ही ईरान पर दोबारा प्रतिबंध लगे, उसने भी अपनी चाल बदली। सावधानीपूर्वक बना हुआ संतुलन दरक सा गया।

**विश्व की राजनीति पर जेसीपीओए का प्रभाव**-क्या होता अगर समझौता टिक जाता? हो सकता है कि मध्य पूर्व ज्यादा स्थिर होता; हो सकता है परमाणु वृद्धि का खतरा कम हो जाता, सैन्य हमलों की संभावना घटती, तेल बाजार में अस्थिरता कम हो जाती। तेल की कीमतें तो तनाव के छोटे से संकेत पर ही घबराई चिड़िया की तरह उड़ जाती हैं। यूरोपीय देश जेसीपीओए की ज़रूरत तो समझ रहे थे, और समझौते के साथ खड़े रहे, मगर अमेरिका बाहर हो गया। अमेरिका के इस कदम से ट्रांस-अटलांटिक संबंधों में भी दरार दिखी। रूस और चीन ने ईरान से अपने संबंध और मजबूत किए। ग्लोबल राजनीतिक समीकरण काफी बदल गये।

## विशेष आलेख

# ईरान के साथ कौन-से देश हैं? यूएस-इजराइल के साथ कौन-से देश खड़े हैं, तटस्थ रुख वाले देशों के नाम क्या हैं?

"महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं।

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। मध्य-पूर्व में भड़का ईरान का युद्ध अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर देने वाला संकट बन चुका है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद वैश्विक राजनीति स्पष्ट रूप से तीन खेमों में बंटती दिखाई दे रही है। एक ओर वे देश हैं जो ईरान के साथ खड़े हैं, दूसरी ओर वे देश हैं जो अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं, जबकि तीसरा समूह उन देशों का है जो खुलकर किसी पक्ष में नहीं आ रहे और खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

इन महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज़्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे समूह को अक्सर प्रतिरोध धुरी कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश करता है।

अब दूसरे खेमे की बात करें, जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा है। इस युद्ध के सबसे बड़े पक्षकार स्वयं अमेरिका और इजराइल हैं। इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने सहयोगी की सुरक्षा का हवाला देकर सैन्य अभियान में भाग लिया है। इनके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के कुछ देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रणनीति के करीब दिखाई देते हैं। बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और ये देश लंबे समय से ईरान को क्षेत्रीय खतरे के रूप में देखते रहे हैं।

ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में



महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं। यह बयान इस बात का संकेत देता है कि पश्चिमी गठबंधन के भीतर भी युद्ध को लेकर पूरी तरह एकमत स्थिति नहीं है।

तीसरा समूह उन देशों का है जो खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इस समूह में भारत, कई यूरोपीय देश, ब्रिटेन, कतर, ओमान और कॉकस क्षेत्र के कुछ देश शामिल हैं। इन देशों ने सीधे किसी पक्ष का समर्थन करने की बजाय युद्ध को रोकने और कूटनीतिक समाधान की अपील की है। भारत जैसे देश ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों को ध्यान में रखते हुए सावधानी से कदम उठा रहे हैं। वहीं कतर और ओमान जैसे देश मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच संवाद कराने में सक्रिय रहे हैं।

इस पूरे संकट के बीच अमेरिका की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका जिस तरह से सैन्य कार्रवाई कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों और संस्थाओं की अनदेखी को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर हिंद महासागर में ईरानी पोत को मार गिराने की घटना ने यह संकेत दिया कि यह संघर्ष केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों तक फैल सकता है। इसके अलावा जब स्पेन ने अपने एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इंकार किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उसकी आलोचना कर दी। दूसरी ओर ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति तो दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जिससे ट्रंप स्पष्ट रूप से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। इससे यह भी संकेत मिलता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों से लगभग बिना शर्त समर्थन की उम्मीद कर रहा है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

विडंबना यह है कि ट्रंप एक तरफ यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाया है और इसलिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने गाजा के लिए बोर्ड ऑफ पीस जैसी पहल भी की। लेकिन दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध को जिस तरह आगे बढ़ाया गया है, उसने पूरी दुनिया को अस्थिरता और युद्ध की आशंका से भर दिया है। आलोचकों का कहना है कि शांति की बात करने के साथ-साथ युद्ध की आग को भड़काना गहरे राजनीतिक विरोधाभास को दर्शाता है। इसके अलावा, इस युद्ध ने विश्व राजनीति में गहरे बदलाव पैदा कर दिए हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि दुनिया फिर से बड़े शक्ति-गठबंधनों में बंटती दिखाई दे रही है।

अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ हैं, जबकि रूस और चीन जैसे देश दूसरी ओर खड़े दिखाई देते हैं। यह स्थिति एक नई महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की ओर इशारा करती है। दूसरा बड़ा परिवर्तन मध्य-पूर्व की राजनीति में देखने को मिल रहा है। कई अरब देशों और इजराइल के बीच सुरक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे ईरान को अपने लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इससे क्षेत्र में नए सैन्य और राजनीतिक गठबंधन बन रहे हैं। तीसरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ईरान दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में से एक है और फारस की खाड़ी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है।

## आज का राशिफल

### मेष
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### वृष
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### मिथुन
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### कर्क
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### सिंह
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

### कन्या
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### तुला
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### वृश्चिक
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### धनु
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मकर
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

### कुंभ
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### मीन
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# मूली के पत्ते रखते हैं बड़ी बीमारियों से दूर, खाने से पहले बरतें यह सावधानी

हरी पत्तेदार सब्जियां खाने के सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं, इसमें कोई शक नहीं। कुछ सब्जियों के पत्ते भी इस श्रेणी में आते हैं। इन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। ऐसे ही हरे पत्ते होते हैं मूली के। मूली के पत्ते कोरिया और चीन में सब्जी के रूप में खाए जाते हैं। भारत में भी इनसे साग और पराठे बनाए जाते हैं। मूली क्रूसीफर सब्जी है। हेल्थ बेनिफिट्स की बात करें तो इससे कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि क्रूसीफर सब्जियों में पावरफुल ऐंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये आपको कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से भी बचाते हैं। यहां जानें मूली के पत्तों के फायदे और इन्हें कैसे खा सकते हैं।



### मजबूत करते हैं इम्यूनिटी

मूली के पत्ते विटामिन सी से भरपूर होते हैं। इनमें मूली से छह गुना ज्यादा विटामिन सी होता है। आपको सीजनल एलर्जी, जुकाम, खांसी होता रहता है तो मूली के पत्ते खाना शुरू कर सकते हैं।

### वेट लॉस के लिए बेस्ट

मूली के पत्ते वजन कम करने वालों के लिए बढ़िया ऑप्शन है। इनमें कैलोरी कम होती है और आपका मेटाबॉलिजम तेज करते हैं। एक कप में सिर्फ 13 कैलोरी होती है। आप इन्हें सलाद या भुजिया बनाकर खा सकते हैं। पेट भरा रहेगा और पोषण भी मिलेगा।

### नैचुरल मल्टीविटामिन

मूली के पत्तों में विटामिन ए, विटामिन बी1, बी6, फॉलिक एसिड, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, पोटैशियम और आयरन होता है। इसमें विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में होता है। इन्हें आप नैचुरल मल्टीविटामिन मान सकते हैं। ये भी पढ़ें: ठंड में बीमार पड़ने से बचने के लिए जरूर खाएं ये पांच सब्जियां

### एनीमिया में फायदेमद

अगर आपको एनीमिया है तो मूली के पत्ते आपके लिए फायदेमंद हैं। इसमें आयरन होता है जो कि कम हीमोग्लोबिन वाले लोगों के लिए अच्छा ऑप्शन है।

### बरतें ये सावधानी

मूली के पत्ते आपकी हेल्थ के लिए काफी अच्छे होते हैं लेकिन इन्हें खाने में सावधानी भी बरतनी चाहिए। कुछ स्टडीज में यह बात सामने आई है कि पत्ते हानिकारक नहीं होते लेकिन सिंचाई के गंदे पानी की वजह से इनमें पल्यूटेंट्स पहुंच सकते हैं। अगर इन्हें अच्छी तरह उगाया गया है और ठीक तरह से धोकर पकाकर खाया जाए तो खाने में कोई दिक्कत नहीं है।

# कोहनी में दर्द क्यों होता है? इसके यह खास कारण

अपने जीवन में कभी-न-कभी हर व्यक्ति को कोहनी के दर्द का सामना जरूर करना पड़ता है। यह दर्द सामान्य से लेकर गंभीर हो सकता है। कोहनी का दर्द आपके दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर सकता है। वैसे तो कोहनी का दर्द किसी भी वजह से हो जाता है। कई बार तो हाथ या कोहनी के थोड़ा सा मुड़ जाने की वजह से भी कोहनी में दर्द हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में कई अन्य कारणों की वजह से भी कोहनी में दर्द महसूस हो सकता है।



### लिगामेंट्स में सूजन

लिगामेंट्स में सूजन होने पर आपको कोहनी में दर्द का अनुभव हो सकता है। अधिकतर लोगों को लिगामेंट्स या टेंडन में सूजन के कारण ही कोहनी में दर्द होता है। इसके अलावा जब लिगामेंट्स और टेंडन जैसे नरम ऊतकों यानी सॉफ्ट टिश्यू में सूजन या खिंचाव आता है, तो भी कोहनी में दर्द हो सकता है। यह स्थिति गंभीर नहीं होती है। इसमें कोहनी की थोड़ी सी देखभाल करके भी दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है।

### गठिया

आजकल अधिकतर लोग गठिया के दर्द से परेशान हैं। गठिया किसी भी उम्र और लिंग के लोगों को प्रभावित कर सकता है। गठिया होने पर जोड़ों में सूजन या दर्द महसूस होता है। गठिया में कोहनी में भी दर्द हो सकता है। जब किसी व्यक्ति को गठिया होता है, तो उसे कोहनियों में अकड़न, दर्द या सूजन का अनुभव हो सकता है। गठिया कई प्रकार के होते हैं और सभी तरह के गठिया कोहनी में दर्द पैदा कर सकते हैं।

### चोट या सर्जरी

कोहनी या हाथ में लगी कोई चोट भी कोहनी में दर्द का एक कारण हो सकता है। इसके अलावा अगर कोहनी की सर्जरी हुई है, तो भी दर्द महसूस हो सकता है। जब कोहनी पर चोट लगती है, तो सॉफ्ट टिश्यू निशान ऊतक में बदल जाते हैं। इससे कोहनी में अकड़न हो सकता है और दर्द महसूस हो सकता है। इसलिए अगर आपको कोहनी में कोई चोट लगी है या फिर सर्जरी हुई है, तो खास ख्याल रखें।

### ऑस्टियोआर्थराइटिस

ऑस्टियोआर्थराइटिस कोहनी में होने वाले दर्द का एक मुख्य कारण हो सकता है। यह आर्थराइटिस तक होता है, जब जोड़ के बीच का कार्टिलेज खराब या क्षतिग्रस्त हो जाता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस कूल्हों, घुटनों, कलाई और कोहनी के जोड़ों को प्रभावित कर सकती है। इसकी वजह से कोहनी में सूजन और दर्द महसूस हो सकता है।

### मसल्स स्ट्रेस

कई बार मांसपेशियों का तनाव भी कोहनी में होने वाले दर्द का एक कारण बन सकता है। अगर आप अकसर ही तनाव में रहते हैं, तो इस स्थिति में आपको मसल्स स्ट्रेस भी हो सकता है।

# खाली पेट प्रोटीन शेक लेने से होते हैं यह नुकसान

बॉडी बिल्डिंग का क्रेज इन दिनों युवाओं में तेजी से बढ़ा है। जिम जाने वाले ज्यादातर लोग तेजी से बॉडी बनाने के लिए तमाम तरह के सप्लीमेंट और शेक आदि का सेवन करते हैं। जिम में एक्सरसाइज करने वाले और बॉडी बिल्डिंग का शौक रखने वाले लोग प्रोटीन पाउडर या व्हे प्रोटीन का सेवन जरूर करते हैं। मसल्स बढ़ाने और तेजी से बॉडी बिल्डिंग के लिए लोग जिम करने से पहले या बाद में व्हे प्रोटीन लेते हैं। लेकिन बिना एक्सपर्ट की सलाह के इसका सेवन करना सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। बहुत ज्यादा मात्रा में व्हे प्रोटीन का सेवन करने से आपको कई समस्याएं भी हो सकती हैं। कुछ लोग सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन लेते हैं, इसकी वजह से भी कई परेशानियां हो सकती हैं। व्हे प्रोटीन आज के समय में बॉडी बिल्डिंग और मसल्स बनाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल किये जाने वाले सप्लीमेंट्स में से एक है। व्हे प्रोटीन में मौजूद प्रोटीन दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स में पाया जाना वाला प्रोटीन होता है। बॉडी बिल्डिंग करने वाले लोग इसका सेवन जरूर करते हैं। ज्यादातर लोग सुबह जिम जाने से पहले इसका सेवन करते हैं। सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन बहुत नुकसानदायक माना जाता है।

**हो सकता है विषाक्त :** सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन करने से आपके शरीर में विषाक्त पदार्थ बढ़ सकते हैं। प्रोटीन पाउडर बनाने में काफी मात्रा में टॉक्सिक मेटेल्स का इस्तेमाल किया जाता है। खाली पेट इसका सेवन करने से आपको कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कई शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन करने से आपको सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



**मुहांसे और स्किन से जुड़ी परेशानियां :** व्हे प्रोटीन का बहुत ज्यादा मात्रा में सेवन करने से आपको स्किन से जुड़ी परेशानियों का खतरा रहता है। इसकी वजह से आपको मुहांसे की समस्या हो सकती है। सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन करने की वजह से आपको मुहांसे और स्किन से जुड़ी कई परेशानियां हो सकती हैं।

**किडनी में पथरी की समस्या :** बहुत ज्यादा मात्रा में खाली पेट व्हे प्रोटीन लेने से किडनी में पथरी होने का खतरा रहता है। चूंकि इसमें प्रोटीन की मात्रा ज्यादा रहती है, इसलिए इसका बहुत ज्यादा सेवन किडनी को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे लोग जो पहले से किडनी की पथरी से ग्रसित हैं, उन्हें व्हे प्रोटीन का सेवन करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**पेट से जुड़ी परेशानियां :** सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। इसका सेवन खाली पेट करने से आपको अपच और कब्ज की समस्या हो सकती है। पेट की समस्याओं से बचने के लिए सुबह खाली पेट व्हे प्रोटीन का सेवन करने से बचना चाहिए।

**गठिया की परेशानी :** व्हे प्रोटीन का खाली पेट सेवन करने से आपको गाउट या गठिया की समस्या भी हो सकती है। व्हे प्रोटीन में एमिनो एसिड की मात्रा ज्यादा रहती है, जिसकी वजह से गठिया का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे लोग जिनके परिवार में गठिया के मरीज हैं, उन्हें इसका सेवन करने से बचना चाहिए।

# फूल डोल महोत्सव मनाया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक, पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में परंपरागत फूल डोल उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चालीस दिनों तक निरंतर होली उत्सव मनाने के बाद ठाकुर जी को रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित झूले में विराजमान कर विशेष श्रृंगार किया गया। विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। संपूर्ण सरस निकुंज को पुष्पों की मनोहारी सजावट से अलंकृत किया गया। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि इस अवसर पर वैष्णव भक्त मंडली ने फूल डोल के पदों का संगीतमय गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आज फूल को उत्सव आली, फूल डोल दोउ झूलेंरी, फूलि फूलि गावत आनंद मन फूले करत कलोलेंरी, फूल डोल फूलत दोउ फूले, फूली लता ललित लख हेली, फूल रही चहुंदिस फूलवारी, सरसमाधुरी लखि दम्पति छवि जैसे पदों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पदों में वृंदावन की पुष्प-वाटिका, युगल सरकार के झूलन और प्रेम-माधुर्य का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज श्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि फूल डोल उत्सव प्रेम, माधुर्य और समर्पण का उत्सव है। पुष्पों की कोमलता हमें अपने जीवन में विनम्रता और सौहार्द के भाव को धारण करने की प्रेरणा देती है। उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुष्प झूलन एवं भोग दर्शन का लाभ प्राप्त किया। संपूर्ण आयोजन भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक आनंद से ओतप्रोत रहा।

# होलाष्टक खत्म : आज से मांगलिक कार्य शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** होलाष्टक समाप्त होने के साथ ही एक बार फिर विवाह और मांगलिक आयोजनों की रौनक लौटने जा रही है। 24 फरवरी से होलाष्टक लगने के कारण विवाह समारोहों पर विराम लग गया था। तीन मार्च को होलाष्टक समाप्त होने के बाद अब 6 मार्च से शुभ कार्यों की शुरुआत होगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार 6 मार्च से लेकर 25 जुलाई तक, यानी देवशयन एकादशी तक विवाह समारोह संपन्न होंगे। इस अवधि में कुल 40 विवाह मुहूर्त उपलब्ध हैं। इनमें 8 अबूझ सावे भी शामिल हैं, जिनमें बिना पंचांग विचार के विवाह किए जा सकते हैं। विवाह के लिए पर्याप्त तिथियां उपलब्ध होने से मैरिज गार्डन, बैंक्वेंट हॉल और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी राहत मिलेगी।

मार्च माह के मुहूर्त: 6, 9, 10, 11, 12 और 26 मार्च

अप्रैल में 9 मुहूर्त: 19, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, 30 अप्रैल

मई में 9 मुहूर्त: 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 13, 14 मई

जून में 7 मुहूर्त: 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27, 29 जून

जुलाई में 9 मुहूर्त: 3, 6, 7, 8, 9, 12, 22, 23, 25 जुलाई

प्रमुख अबूझ सावे: 26 मार्च. राम नवमी,19 अप्रैल-अक्षय तृतीया, 25 अप्रैल- जानकी नवमी,1 मई. पीपल पूर्णिमा, 24 जून-गंगा दशहरा, 22 जुलाई-भड़ल्या नवमी और 25 जुलाई-देवशयन एकादशी है।

# पूर्व कांग्रेस पार्षद ने पार्क में बैठी युवती से की अभद्रता

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना इलाके में शराब के नशे में कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। आरोपी के के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़ित युवती अपने घायल भाई को लेकर थाने पहुंची और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सब इंस्पेक्टर धर्मेंद ने बताया कि थाना इलाके में किराए से रहने वाली 30 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि 4 अप्रैल को धुलंडी के दिन वो अपने परिजनों और परिचितों के साथ होली खेल रही थी। होली खेलने के बाद शाम करीब 6 बजे वे सभी एक पार्क में बैठे थे। तभी शराब के नशे में धुत पांच-सात लड़के शराब के नशे में पार्क में पहुंचे और खुद को कांग्रेस का पूर्व पार्षद रोहिताश बताते अभद्रता शुरु कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने युवती के मारपीट की। इस दौरान पार्क में भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख कर आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है की 30 वर्षीय युवती अपने परिजनों व परिचितों के साथ पार्क में ताश पत्ती खेल रहें थे। इसी दौरान कांग्रेस के पूर्व पार्षद रोहिताश अपने कुछ समर्थकों के साथ पार्क में पहुंचे और सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती खेलने का विरोध करने लगे। युवती से छेड़छाड़ की। जब युवती के भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बचाव में आई युवती के भी बाल खींचकर मारपीट की। इतना ही नहीं आरोपियों ने उनका मोबाइल तोड़ दिया और धमकियां देकर फरार हो गए। घायल भाई के साथ थाने पहुंचकर पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर पूर्व पार्षद रोहिताश के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# तेज रफ्तार कार ने डेयरी संचालक को मारी टक्कर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बगरु थाना इलाके में गुरुवार अल सुबह तेज रफ्तार ने डेयरी संचालक को जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में पीड़ित करीब 20 फीट हवा में उछलने के बाद सड़क पर आ गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गया। तेज रफ्तार कार भी थोड़ा आगे जाकर फंस गई। इस पर कार सवार दोनो युवक जैसे-तैसे बाहर निकले और घायल युवक को सड़क पर पड़ा देखकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार जब्त कर रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर दोनों युवकों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बगरू इंडस्ट्रियल एरिया के संडे मार्केट में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे डेयरी संचालक विकास सावर की बगीची, बगरु निवासी दुकान खोलकर दूध के कैरेट बाहर निकाल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने डेयरी संचालक विकास को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पीड़ित 20 फीट दूर उछलकर दूर जा गिरा और तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होते हुए आगे बनी सीढ़ियों में फंस गई। जिसके बाद कार सवार दोनो युवक तैसे-तैसे कार से बाहर निकले और गंभीर घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर कार छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार जब्त कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

# आईआईटीआरएएम : उद्गम 2026 में स्टूडेंट्स ने रखे अपने आइडिया




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड मैनेजमेंट (आईआईटीआरएएम) अहमदाबाद का प्रमुख इंडस्ट्री-एकेडेमिया कॉन्क्लेव उद्गम 2026 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन ने परिसर को विचारों, नवाचार और उद्योग जगत के साथ सार्थक संवाद के एक जीवंत मंच में बदल दिया। उद्योग-केंद्रित शैक्षणिक ढांचे के लिए प्रसिद्ध संस्थान ने उद्गम को ऐसा प्रभावी मंच बनाया, जिसका उद्देश्य कक्षा में मिलने वाली शिक्षा को वास्तविक दुनिया के अनुभवों और आवश्यकताओं से जोड़ना है। सम्मेलन का आयोजन कैरियर विकास केंद्र द्वारा औद्योगिक विस्तार ब्यूरो (इंडेक्स-टीबी) और गुजरात इंफॉर्मेटिक्स लिमिटेड के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा, सरकार और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। सम्मेलन में ई-इंफोचिप्स, दीपक समूह, आईबीएम, वंडर सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। मुख्य वक्तव्य सत्रों और परिचर्चाओं में डिजिटल रूपांतरण, विनिर्माण उत्कृष्टता,, अवसंरचना विकास और भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं की बढ़ती मांग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अपना विचार प्रस्तुत करें सत्र रहा, जिसमें छात्र टीमों ने विशेषज्ञ निर्णायक मंडल के समक्ष अपने नवाचारी और समाधान-आधारित विचार आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कारों के साथ अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों से मार्गदर्शन के अवसर भी प्रदान किए गए। अहमदाबाद के लगभग 10 संस्थानों से आए करीब 150 विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ उद्गम 2026 एक गतिशील, उद्योग-संलग्न और अवसरों से भरपूर सम्मेलन के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने मंच से आगे बढ़कर भी सार्थक प्रभाव छोड़ा।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ का किया नागरिक अभिनन्दन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** होली पर्व के उपलक्ष में तारानगर में बिजली बोर्ड के सामने होली स्नेह मिलन व नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पदम् भूषण देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, अजीत राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, नरेश सहारण, गोपाल बालान, जेईएन ओमप्रकाश, लीलाधर बागोरिया, ईओ अजयप्रतापसिंह थे। समारोह में पार्षद कृष्ण सहारण के नेतृत्व में मेघराज मोगा रामकिशन कुलड़िया, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहारण, चयानाण अग्रवाल, ओमप्रकाश गोस्वामी, भगवानाराम पेंसिया, लीलाधर वालिया, अनिल शर्मा, बाल सगतानी, गुलशन चाचान, लक्ष्मण राजपुरोहित, करणीसिंह राठौड़, नरपत राजवी, दयानंद सहारण, सुशील सहारण, विक्रम वालिया आदि गौरव पथ के सभी नागरिकों व दुकानदारों की ओर से राठौड़ का नागरिक अभिनन्दन किया गया।

संचालन राजेन्द्र जोइया व वीरबहादुर राठौड़ ने किया। इस मौके पर लीलाधर बागोरिया, हरि इंदौरिया, भंवरलाल पूनिया, विशाल शर्मा, त्रिलोक रैगर, सुशील सरावगी, माणकचन्द सैनी, चुन्नीलाल सैनी, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# सजग लाडो अभियान के अंतर्गत नारी चौपाल आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत बठोठ में महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं के संरक्षण के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग, जिला सीकर द्वारा संचालित सजग लाडो अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ की ग्राम पंचायत बठोठ में नारी चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बठोठ का प्रशासक सरपंच मोहन सिंह चौहान, एएनएम अनीता, आशा विनोद देवी, ग्राम साथिन किरण देवी, रोहित कुमार सहित ग्राम पंचायत की अनेक महिलाएं, बालिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सरपंच मोहन सिंह चौहान ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिलाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान साथिन किरण देवी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम उडान योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएँ उपलब्ध सरकारी सेवाओं और हेल्पलाइन का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। इस अवसर पर प्रशासक सरपंच मोहन सिंह चौहान ने महिलाओं को डिजिटल युग में सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं सकारात्मक उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए इसके लाभ एवं संभावित दुष्प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया।

उन्होंने महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञानवर्धन, जानकारी प्राप्त करने एवं समाज के विकासात्मक कार्यों में सहभागिता के लिए करने की सलाह दी।

# आईएमएसओएस 2026-बीएमकॉन : जयपुर में जुटेंगे 450 से अधिक बोन कैंसर विशेषज्ञ

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं इंडियन मस्क्यूलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएमएसओएस 2026-बीएमकॉन का आयोजन 6 से 8 मार्च तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 6 मार्च को वर्कशॉप के साथ होगी, जबकि मुख्य कॉन्फ्रेंस 7 मार्च से आरआईसी परिसर में प्रारंभ होगी। इसमें देश-विदेश के 450 से अधिक बोन कैंसर विशेषज्ञ भाग लेंगे। 7 मार्च को होने वाले उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह पीवीएसएमए एवीएसएमए वाईएसएमए वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, साउथ वेस्टर्न कमांड होंगे। कॉन्फ्रेंस में ऑर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी, हड्डी एवं सॉफ्ट टिश्यू कैंसर के नवीनतम उपचार, अनुसंधान, सर्जिकल तकनीकों और बहु-विषयक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श होगा। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बोन कैंसर उपचार से जुड़े नवीन अनुसंधान और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गीतांजली अग्रवाल जोशी ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉण् अरविंद ठाकुरिया ने बताया कि पहले दिन पैथोलॉजी-रेडियोलॉजी एवं मेडिकल-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विषयों पर दो वर्कशॉप होंगी। डॉ. शशि बंसल, डॉ. अजय बापना, डॉ. शाह रावत और डॉ. पुष्पलता गुप्ता के निर्देशन में विशेषज्ञों व मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। कॉन्फ्रेंस में इंटरनेशनल स्पीकर्स के रूप में डॉ. रॉब पोलॉक यूके, डॉ. फिलिप टी. फुनोविक्स ऑस्ट्रिया, डॉ. विवेक अजीत सिंह मलेशिया और डॉ. गुरपाल सिंह सिंगापुर सहित 150 राष्ट्रीय वक्ता एवं आईएमएसओएस के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुलिया शामिल होंगे। वर्कशॉप और शैक्षणिक सत्रों के साथ ई-पोस्टर प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी।

# ओडीओपी कार्यशाला कल

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राज्य सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद के रूप में चयनित उत्पादों को बढ़ावा देने, स्थानीय निवेश, निर्यात एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा चयनित उत्पाद से संबंधित कामगारों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई एक जिला - एक उत्पाद नीति-2024 के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय आईटीआई में 07 मार्च, 2026 को सवेरे 10 बजे ओडीओपी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि कार्यशाला में ओडीओपी रजिस्ट्रेशन एवं रजिस्ट्रेशन उपरांत मिलने वाले परिलाभों के आवेदनों के सबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। जिले के उद्यमी कार्यशाला में उपस्थित होकर एक जिला एक उत्पाद नीति सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पेयजल संकट को लेकर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चिड़ावा क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट और जलदाय विभाग की कथित अनियमितताओं को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय लोकदल राजस्थान के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह राव ने जिला कलेक्टर झुंझुनू के नाम उपखंड अधिकारी चिड़ावा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन तहसीलदार रामकुमार पूनिया को दिया गया। ज्ञापन में लिखा कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में पानी की किल्लत लगातार बढ़ रही है। राव ने आरोप लगाया कि जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण पानी की टंकी समय पर नहीं भर पा रही है। नगर पालिका की टंकी को भरने के लिए जहाँ कम से कम पांच ट्यूबवेल आवश्यक हैं, वहीं वर्तमान में केवल दो ट्यूबवेल ही संचालित हो रहे हैं, जिससे आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पेयजल वितरण प्रणाली को दोषपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि पानी का समान वितरण नहीं होने से चौधरी कॉलोनी और चुंगी क्षेत्र सहित कई वार्डों में नियमित रूप से पानी नहीं पहुँच पा रहा है। इस स्थिति से आमजन, विशेषकर महिलाएँ और बुजुर्ग, काफी परेशान हैं।

प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह राव ने प्रशासन से मांग की है कि जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली की तुरंत जांच कराई जाए, पेयजल वितरण को सुचारू व न्यायसंगत बनाया जाए और पुरानी जर्जर पाइप लाइनों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

# मैं झाबर सिंह खर्रा पुस्तक का हुआ विमोचन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के आवास पर उनकी जीवन यात्रा पर आधारित 142 पृष्ठों की पुस्तक मैं झाबर सिंह खर्रा का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन मंत्री खर्रा ने किया। इस अवसर पर शिक्षाविद शिवकुमार जोशी, पुस्तक प्रकाशक संस्था श्री गोविंदम के सुरेश कुड़ी, पुस्तक के संपादक विवेकानंद शर्मा, संवाद सेतु के दिलीप शर्मा एवं श्रवण चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। पुस्तक के संपादक विवेकानंद शर्मा ने बताया कि इस कृति में झाबर सिंह खर्रा के जीवन से जुड़े विभिन्न आयामों-सामाजिक सरोकार, राजनीतिक योगदान एवं जनसेवा के कार्यों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में उनके विभिन्न साक्षात्कार, विधानसभा में दिए गए भाषण तथा 30 से अधिक लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के विचारों का




संकलन किया गया है। साथ ही दुर्लभ छायाचित्रों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व के विविध पहलुओं को उकेरने का प्रयास किया गया है। प्रकाशक सुरेश कुड़ी ने कहा कि नेताओं की जीवनी पर आधारित पुस्तकें उनके संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता को समझने का सशक्त माध्यम होती हैं। ये पुस्तकें केवल घटनाओं का विवरण नहीं देती, बल्कि मूल्यों, नैतिकता और विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की कला भी सिखाती हैं। संवाद सेतु के दिलीप शर्मा ने कहा कि संपादक विवेकानंद शर्मा और प्रकाशक ने धैर्य एवं सूक्ष्म दृष्टि से एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के कृतित्व को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है।

पुस्तक में नागरमल लोकनाथ का गुरुजी का आलेख, सहपाठी सत्यनारायण खांडल का संस्मरण तथा मानसिंह शेखावत सहित तीन दर्जन से अधिक लेखकों के विचारों के माध्यम से खर्रा परिवार की जीवन यात्रा को वस्तुपरक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक जनप्रतिनिधि के रूप में झाबर सिंह खर्रा के संघर्ष, संवेदनशीलता और जनहित के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है।

# सांस्कृतिक मंडल का दो दिवसीय होली महोत्सव आज से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थानी लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए समर्पित सांस्कृतिक मण्डल, सीकर द्वारा श्री कल्याण रंगमंच पर होली महोत्सव 2026 के तहत दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 73 वर्षों से लोक त्योहारों और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने वाला सांस्कृतिक मंडल वर्षभर में लगभग 10 बड़े आयोजन करता है। मंडल के संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इन्दोरिया ने बताया कि होली पर्व के उपलक्ष में आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार रात्रि 9 बजे श्रंगरसिया फागुणियों कार्यक्रम से होगी। श्री कल्याण रंगमंच पर आयोजित इस संध्या में राजस्थानी लोकगीतों, ढप.चंग की थाप, बांसुरी वादन और पारंपरिक लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा एंड पार्टी चिड़ावा, शिव बालाजी ढप मंडल सेठों की कोठी, लक्ष्मणगढ़ अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं निखिल सोनी का बांसुरी वादन विशेष आकर्षण रहेगा। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से अंतरराष्ट्रीय कवि ताऊ शेखावाटी के सानिध्य में विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें लाफ्टर किंग ऑफ भारत सुरेश अलबेला, कैलाश मंडेला रफ्तमौला, योगेंद्र शर्मा भीलवाड़ा, देवकरण देव केकड़ी, हरीश हिंदुस्तानी हास्य कवि व मंच संचालन, राधिका गुप्ता दिल्ली और सुल्तानजहां उत्तर प्रदेश सहित कई प्रसिद्ध कवि अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे।

# लाडो प्रोत्साहन योजना : बेटी जियांशी के सपनों को पूरा करेगी प्रोत्साहन राशि

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी पहल श्लाडो प्रोत्साहन योजना प्रदेश में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रही है। इस योजना के तहत बेटियों के जन्म पर आर्थिक प्रोत्साहन देकर उनके शिक्षा और विकास के सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में चूरू जिले के लोहसना बड़ा निवासी राहुल कुमार व पूजा के परिवार को बेटी जियांशी के जन्म पर लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला है। योजना के तहत जियांशी को चरणबद्ध तरीके से कुल 1०5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी, जो उसके पालन-पोषण, शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बेटी जियांशी की माता पूजा बताती हैं कि उन्होंने 24 अगस्त, 2025 को झुंझुनू जिले के अलसीसर स्थित राजकीय अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। ग्राम साथिन ने उन्हें लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी और योजना अंतर्गत 09 जनवरी, 2026 को प्रोत्साहन स्वरूप पहली किस्त के रूप में 2500 रुपये की राशि मिली। वह बताती हैं कि इस योजना से प्राप्त होने वाली राशि को मैं अपनी बच्ची की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करूंगी, जिससे मेरी बेटी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके और उसका भविष्य उज्ज्वल बन सके। उनका कहना है कि सरकार की इस पहल से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिला है। यह योजना न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में श्बेटी है तो भविष्य है की सोच को भी मजबूत कर रही है।

पूजा लाडो प्रोत्साहन योजना के संचालन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं अब वे अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अधिक आश्वस्त हैं और उसकी पढ़ाई-लिखाई व स्वास्थ्य पर प्रोत्साहन राशि खर्च करेंगी।

# भानगढ़ क्यों है भारत की सबसे डरावनी जगह

भानगढ़ किले को एशिया की सबसे डरावनी जगहों में से एक माना जाता है। कई लोग इसे खतरनाक बताते हैं जबकि कई लोग कहते हैं कि यह भूतिया है, लेकिन तथ्य यह है कि रहस्यों से घिरा किला राजस्थान में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। भानगढ़ किला भारत के सबसे प्रेतवाधित स्थान में से एक है। ऐसे में जानते हैं कि क्या भानगढ़ का किला सच में भूतिया है और इससे जुड़ी कुछ रहस्मय बातें।



## डरावना एहसास

जब आप यहां होते हैं, तो आप इसकी राजसी वास्तुकला पर आश्चर्यचकित हो सकते हैं,हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें यहां पर अजीब सा एहसास होता है जैसे कि कोई उनका पीछा कर रहा हो। यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता के बावजूद, लोग लंबे समय तक किले में घूमने से बचते हैं।

## साधू ने दिया था श्राप

रिपोर्ट्स की मानें तो भानगढ़ किले को गुरु बालू नाथ नामक एक साधु ने शाप दिया था। दरअसल, जिस जगह पर किला बनाया गया है, वह एक बार ऋषि के ध्यान स्थल था, और जब राजा ने उनसे अनुरोध किया कि वह यहां एक किला बनाना चाहते हैं, तो ऋषि एक शर्त पर सहमत हुए कि किले की छाया उन्हें नहीं छूनी चाहिए। राजा ने उसे विश्वास दिलाया कि उसके स्थान पर किले की छाया उसे नहीं छुएगी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ और साधु के श्राप ने पूरा गांव नष्ट कर दिया।

## तीन दोस्तों ने की थी रात में रुकने की हिम्मत

भानगढ़ से जुड़ी कई भयानक कहानियां लोगों के पास हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार तीन डेयरडेविल्स ने सूर्यास्त के बाद भानगढ़ किला परिसर में रहने का फैसला किया क्योंकि वह वास्तव में प्रेतवाधित है भी या नहीं। हालांकि, एक मशाल से लैस होने के बावजूद, उनमें से एक कुएं में गिर गया, हालांकि उसके दोस्तों ने उसे बचा लिया, और फिर उसे अस्पताल ले जाने के लिए वह दौड़ पड़े। लेकिन इस दौरान तीनों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

## सूर्यास्त के बाद जाना है मना

रात में भानगढ़ किले के अंदर रहना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भानगढ़ के कई स्थानों पर लोगों को सूर्यास्त के बाद और सूरज उगने से पहले परिसर में रहने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए बोर्ड भी लगाए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जो कोई भी रात में किले के अंदर जाने में कामयाब रहा, वे अपनी कहानी बताने के लिए कभी नहीं लौटे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि रात में आत्माएं वहां घूमती हैं।

## क्या भानगढ़ का किला भूतिया है?

इसको लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है, हालांकि इस पुराने किले की भूतिया सुंदरता से कोई इंकार नहीं कर सकता। लंबे समय से चले आ रहे एक युग का स्थायी प्रमाण, सत्य और कल्पना के रहस्यों में डूबा, भानगढ़ किला देखने लायक जगह है। अपने राजस्थान यात्रा पैकेज में एक निर्देशित टूर जोड़ें, ताकि आप एक गाइड के साथ किले का घूम सकें और किले के इतिहास और इसके आसपास की स्थानीय जानकारी के बारे में ज्यादा जान सकें।

## भानगढ़ के किले का सफर

भानगढ़ का किला राजस्थान में स्थित है। इस किले में आपको राजसी वास्तुकला का नमूना देखने को मिलेगा। लोग यहां कि ऐतिहासिकता देखने के लिए आते हैं। लेकिन भानगढ़ की राजसी ठाट से ज्यादा लोगों का ध्यान वहां के अजीब एहसास पर होता है। ऐसा लगता है कि मानो कोई उनका पीछा कर रहा हो। एक खास बात यह भी है कि अपने अंदर डरावने एहसास को छुपाए रखे इस किले में लोग लंबे समय तक ठहर नहीं पाते। शाम होने से पहले लोगों को भानगढ़ के किले से बाहर निकल जाना होता है। शाम के बाद यहां रुकने की मनाही होती है।

### भानगढ़ किले से जुडी रोचक बातें

- भानगढ़ किले का निर्माण 17वीं शताब्दी में मान सिंह के छोटे भाई राजा माधो सिंह ने करवाया था। राजा माधो सिंह उस समय अकबर के सेना में जनरल के पद पर तैनात थे। निर्माण के पश्चात् यह किला करीब 300 वर्षों तक फला–फूला और आबाद रहा व् प्राचीन समय में इस किले व् भानगढ़ गांव में लगभग 10000 लोग रहा करते थे।
- भानगढ़ किले को बनाने में अवल दर्जे की कारीगरी का उपयोग किया गया था। इस किलो को बनाने में मजबूत पत्थरों से लेकर, सुन्दर शिल्पकलाएँ, पथरो पर हाथो की कारीगिरी इत्यादि की गयी थी।
- इसके अलावा इस किले में कई मंदिर भी बनाए गए थे।
- भानगढ़ किले को लेकर कहा जाता है इस किले में बेहद सुंदर राजकुमारी रत्नावती रहती थी। जिस पर एक तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा का दिल आ गया था और वह राजकुमारी को हासिल करना चाहता था। जिसके लिए उसने तंत्र विद्या का सहारा लिया। परंतु राजकुमारी को इस बात का पहले ही पता चल गया था। इसी कारण तांत्रिक को अपने प्राणो से हाथ धोना पड़ा। परंतु तांत्रिक ने मरने से पहले इस किले को लोगो को श्राप दिया कि कि भानगढ़ किले में रहने वाले सभी व्यक्तियों की जल्दी ही मृत्यु हो जाएगी। उनकी आत्माएं सदैव इस किले में भटकती रहेंगी वो कभी दुबारा जन्म नहीं ले सकेंगी।
- तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा की मृत्यु के कुछ समय पश्चात अजबगढ़ और भानगढ़ में घनघोर युद्ध हुआ तथा किले में रहने वाले सभी लोग मारे गए। इस युद्ध में राजकुमारी रत्नावती की मृत्यु हो गयी। उस किले में इतना कत्लेआम मचा कि इसकी चर्चे दूर दूर तक होने लगे। लोग कहते है कि आज भी इस किले में मरने वाले लोगों की आत्माएं घूमती है और चींखती है।

# पर्यटकों के लिए खास है मसूरी की यह बेहतरीन जगह

दिल्ली के सबसे पास के हिल स्टेशन में से एक है मसूरी, जिसे हर कोई पहाड़ियों की रानी के नाम से जानता है। ये जगह उत्तराखंड में है, जो बच्चों, कपल्स और बड़ों के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां पर आपको घूमने के लिए बहुत सारी जगह तो नहीं हैं लेकिन जो भी हैं वह काफी खूबसूरत और मन को खुश कर देने वाला है।



### गन हिल पर करें केबल कार की सवारी

गन हिल समुद्र तल से 6,800 फीट की ऊंचाई पर है और मसूरी की दूसरी सबसे ऊंची चोटी है। खूबसूरत नजारों को एंजॉय करने के लिए आपको इस शहर में जरूर जाना चाहिए। माल रोड से गन हिल तक केबल की सवारी जरूर करें।

### माल रोड पर घूमना और फेमस मोमोज को चखना

पहाड़ी इलाकों पर आपको माल रोड मिलेंगे। मसूरी का माल रोड आपका दिल जीत लेगा। अगर आप इस बाजार का मजा लेना चाहते हैं तो शाम के समय यहां निकलें और चारों ओर घूमें। सड़क पर कई दुकानें और रेस्तरां हैं। मसूरी में सबसे अच्छे मोमोज का स्वाद भी जरूर चखें।

### केम्प्टी फॉल में नहाने का मजा

गर्मी के मौसम में पर्यटकों को केम्प्टी फॉल्स के तल पर नहाना बहुत पसंद आता है। इसमें सैकड़ों पर्यटकों के एक साथ जाने की व्यवस्था है। स्विमिंग पूल में चेंजिंग रूम, लॉकर और स्विमवीयर किराए पर लेने के विकल्प हैं। आप यहां जाएं तो अपने एक्स्ट्रा कपड़े साथ जरूर लेकर जाएं।

### क्लाउड्स एंड की सैर

क्लाउड्स एंड मसूरी के भौगोलिक अंत को दर्शाता है। ओक और देवदार के जंगल से घिरा हुआ क्लाउड्स एंड मसूरी के मुख्य शहर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है और यह पहाड़ियों और आरामदेह वातावरण के खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है।

# पर्यटक शिमला-मनाली नहीं, साउथ के इन हिल स्टेशन की जरूर करें सैर

हिल स्टेशन जाने की बात आती है तो अक्सर लोग नॉर्थ की जगहों पर जाना पसंद करते हैं। भारत के दक्षिणी भाग में कई हिल स्टेश शामिल हैं। जहां पर आप बेहतरीन समय बिता सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियां और खूबसूरत नजारे इन स्थलों को उन लोगों के लिए बेहद आकर्षक बनाते हैं जो नेचर से प्यार करते हैं और शहरी भीड़ से दूर एकांत में समय बिताना चाहते हैं।

**कोडइकनाल** : तमिलनाडु का कोडाइकनाल खूब फेमस हिल स्टेशनों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में से एक है और झरनों, हरी घाटियों, शांत झीलों और तेज ग्रेनाइट चट्टानों से भरा हुआ है। यह हनीमून मनाने वालों के लिए जानी-मानी जगहों में से एक है। कोडइझील, पिलर रॉक्स, कोकर्स वॉक, बेयर शोला फॉल्स, डेविल्स किचन, थलाईयार फॉल्स और डॉल्फिन नोज जैसे कुछ बेहतरीन जगह हैं।

**वगामों** : हरी-भरी पहाड़ियां, घाटियां और नाले कई लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह भीड़ से बचने के लिए एक बेहतरीन जगह है। जब आप यहां हों, तो घाटियों और झरनों के खूबसूरत नजारों का मजा जरूर लें। यहां पर कुरीसुमाला आश्रम, इंडो-स्विस प्रोजेक्ट डेयरी फार्म, वागामन मीडोज, पाइन फॉरेस्ट, मूप्पनपारा और मुरुगन हिल जैसी जगहों को जरूर देखें।

**यरकौड** : यरकौड का छोटा लेकिन आकर्षक हिल स्टेशन पूर्वी घाट में शेवरॉय पहाड़ियों में बसा है। यह इन दिनों एक फेमस पर्यटन स्थल बन गया है, कॉफी और मसाले के बागानों, शांत यरकौड झील का लुत्फ जरूर उठाएं।

**मुन्नार** : केरल के इडुक्की जिले में स्थित यह दक्षिण भारत के सबसे ऊंचे हिल स्टेशनों में से एक है। मुन्नार में पैदल यात्रियों के लिए आकर्षण होने के अलावा, लक्कम झरने और एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान भी हैं।

# जयपुर को 'पिंक सिटी' जोधपुर को 'ब्लू सिटी', जैसे शहरों को इन नामों से बुलाने की कहानी है बड़ी दिलचस्प

हम जिस भी शहर में घूमने के लिए जाते हैं, उससे जुड़ा इतिहास और परंपरा हम सभी को देखने को मिल ही जाता है। कभी कोई शहर अपने इतिहास को लेकर फेमस होता है, तो कोई अपनी किसी और चीज की वजह से लोकप्रिय माना जाता है। वैसे आपने कभी सोचा है कि, जयपुर को पिंक सिटी क्यों कहते हैं? तो वहीं जोधपुर को ब्लू सिटी क्यों कहा जाता है?

### ब्लू सिटी, सन सिटी-जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर के सबसे पुराने हिस्सों में हर घर को नीले रंग से रंगा गया है। जैसे-जैसे आप इस शहर की हर गली में बढ़ते जाएंगे, वैसे-वैसे आपको हर घर, दूकान नीले रंग में रंगी दिखाई देगी। यहां के लोगों का मानना है कि मानना है कि नीला रंग मच्छरों को दूर रखता है और शहर को ठंडा रखता है। इसे 'सन सिटी' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि पूरे साल सूरज हर मौसम में उसी ऊर्जा के साथ चमकता रहता है।



### झीलों का शहर-उदयपुर

राजस्थान में उदयपुर को पहले मेवाड़ के नाम से जाना जाता था। उदयपुर अपनी खूबसूरत झीलों की वजह से पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अगर फिल्मों में किसी डायरेक्टर को झीलें दिखानी हैं, तो वो उदयपुर को ही सबसे पहले चुनते हैं। पिछोला झील, फतेह सागर, बड़ी, ढेबर, सागर स्वरूप झील, दूध तलाई उदयपुर की लोकप्रिय झीलें है। यही वजह है कि इस शहर को 'झीलों का शहर' कहा जाता है।



### महलों का शहर, जॉय सिटी-कोलकाता

मस्ती और मजा क्या होता है, कोलकाता के लोग ये सब जानते हैं, चाहे फिर वो दुर्गा पूजा हो या क्रिसमस हो, ईद हो या नया साल हो, उन्हें हर चीज में मजा करना आता है। फ्रांसीसी लेखक डोमिनिक लैपिएरे ने कोलकाता को सिटी ऑफ जॉय निकनेम दिया था। विक्टोरिया मेमोरियल, फोर्ट विलियम, मार्बल पैलेस, जैसे महलों की वजह से भी इसे सिटी ऑफ पैलेस भी कहा जाता है।



### गुलाबी शहर-जयपुर

राजस्थान के इस खूबसूरत शहर में, ऐतिहासिक महत्व रखने वाली हर इमारत गुलाबी रंग में है। आपको बता दें, गुलाबी रंग उस समय की रानी को बेहद पसंद था। महारानी की पसंद को ध्यान में रखते हुए और उस समय 1876 में प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय का स्वागत करने के लिए खासतौर पर शहर को पिंक किया गया था। उनके सम्मान में, महाराजा ने एक कोर्ट हॉल का निर्माण भी किया था। अल्बर्ट शहर को इतने प्रभावित हुए कि उनके मुंह से इसका नाम पिंक सिटी निकल गया, जिसका हिंदी में अर्थ है गुलाबी शहर। तब से ये इस जगह को पिंक सिटी के नाम से भी जाना जाता है।



### बॉस्टन ऑफ इंडिया-अहमदाबाद

साबरमती नदी के तट पर मौजूद, अहमदाबाद औद्योगीकरण का टॉप स्पॉट है। इस शहर को 'बॉस्टन ऑफ इंडिया' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां अडानी ग्रुप, निरमा डेटर्जेंटस और जयडस कैडिला जैसी कई बड़ी आईटी कंपनियां मौजूद हैं। जिन्होंने जीडीपी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही अहमदाबाद भारत की सबसे पहले यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सिटी भी है।

# ग्वालियर में है दुनिया का एक ऐसा अकेला मंदिर

## जहां विश्व के सबसे पुराने लिखित 'जीरो' की हुई थी खोज

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश काफी समृद्ध राज्य है। यहां काफी संख्या में धार्मिक चीजों से जुड़े लोगों का आना जाना लगा रहता है। ओरछा, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में मौजूद है। यहां प्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर भी है, जहां भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 876 ईसा पूर्व में हुआ था। मंदिर शिलालेख पर खुदे विश्व के सबसे प्राचीन ज्ञात शून्य के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। आपको बता दें, मंदिर के अंदर, भगवान विष्णु की प्रतिमा और शिलालेख पर शून्य अंकित है। लेकिन इन शून्यों को केवल वहां का टूर गाइड ही आपको दिखा सकता है।

**ग्वालियर का चतुर्भुज मंदिर** : जैसा कि हमने आपको ऊपर बताया, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चतुर्भुज मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। ये मंदिर ग्वालियर फोर्ट के पूर्वी दिशा में स्थित है। मंदिर के अंदर आपक भगवान विष्णु की भी खूबसूरत मूर्ती देख सकते हैं। अगर हम इस मंदिर के इतिहास की बात करें, तो चतुर्भुज का निर्माण साल 876 ई.पू में में करवाया गया था। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर को वैल्लभट्ट के पुत्र और गुर्जर-प्रतिहार वंश के नागरभट्ट के पोते अल्ला ने बनवाया था। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई इस बारे में कहना मुश्किल है।



**दुनिया का सबसे प्राचीन लिखा जीरो** : ग्वालियर मंदिर न सिर्फ भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि ये मंदिर यहां अंकित विश्व लोकप्रिय प्राचीन जीरो के लिए भी जाना जाता है। इसकी खासियत की वजह से इस रहस्य को जानने के लिए कई इतिहासकार व पर्यटक देखने लिए यहां अक्सर आते रहते हैं। इस मंदिर को लेकर माना जाता है कि जिस लिखित नंबर ज़ीरों के बारे में हम और आप जानते हैं, उसका सबसे प्राचीन लिखित रिकॉर्ड इस मंदिर में देखा जा सकता है। इस खासियत की वजह से ये मंदिर विशेषज्ञों के लिए रिसर्च का केंद्र बना चुका है।

**मंदिर में जीरो कहां दिखाई देता है** : अगर आप इस मंदिर में जाएंगे, तो यहां की दीवारों में मौजूद 9वीं शताब्दी के शिलालेख पर दो बार '0' लिखा हुआ दिखाई देगा। इस शिलालेख पर 270 ङ्ग 167, पूजा के लिए रोजाना 50 मालाएं दान देने जैसी कई बातें अंकित हैं।

**पुराने लिखे हुए जीरो से जुड़े कुछ और दावे** : फ्रांसीस आर्कोलॉजिस्ट Adhemard Leclere ने 1891 में कुछ ऐसी पांडलिपियों की रिसर्च की, जिसमें एक डॉट को जीरो की तरह उपयोग करते हुए दिखाया गया है। ये डॉट नॉर्थ ईस्ट कंबोडिया के क्रैटी क्षेत्र में मौजूद 'Trapang Prei' नाम की साइट पर एक पत्थर की सतह पर उकेरा गया था।

**बख्शाली पांडुलिपि** : प्राचीन लिखित शून्य की जानकरी बख्शाली पांडुलिपि में भी मिलते हैं। इसकी खोज 1881 में पेशावर के पास बख्शाली गांव के एक खेत में हुई थी।

ये पांडुलिपि 1902 से अब Bodleian Library of O&ford में है। हालांकि इस पांडुलिपि की सटीक जानकारी का पता कोई भी शोधकर्ता अभी तक नहीं लगा पाया है।

# घूमने के लिए बेहतरीन जगह है लोटस वैली

अपने गौरवशाली अतीत के साथ-साथ इंदौर में घूमने के लिए कई बेहतरीन स्थान मौजूद हैं। दुकान और सर्राफा बाजार की हलचल भरी सड़कों से, शहर पर्यटन स्थलों का एक समूह प्रदान करता है, जिसे इंदौर में देखने से नहीं चूकना चाहिए। शहर से कुछ ही दूरी पर, शानदार गुलावट लोटस वैली स्थित है। अपने शांत वातावरण और आश्चर्यजनक दृश्यों के कारण, इसे अक्सर छिपा हुआ रत्न माना जाता है। और चूंकि गुलावट लोटस वैली इंदौर के बहुत पास है, आप आसानी से एक दिन का समय निकाल सकते हैं और अद्भुत जगह की एक छोटी यात्रा का आनंद ले सकते हैं। चाहे आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक आउटिंग की योजना बना रहे हों या पारिवारिक पिकनिक पर, यह एक ऐसी जगह है जहाँ आपको अवश्य जाना चाहिए।

**इन चीजों का लें आनंद** : गुलावट लोटस वैली यशवंत सागर डैम के पीछे वाली पानी से बनी एक प्राकृतिक झील है। अगर आप यहां है तो आपको झील के ऊपर स्थित विचित्र 100 मीटर के पुल की एक झलक अवश्य देखनी चाहिए। यहां से, आपको झील और खूबसूरत कमल का एक मनोरम दृश्य प्राप्त कर सकते हैं, जो इसे इंदौर में दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाता है। पहली किरणों को झील के ऊपर तैरते फूलों को देखना बेहतरीन होता है। आप यहां पर नौका विहार और घुड़सवारी जैसी कुछ गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, घाटी के पास स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं। जगह की सुंदरता को बढ़ाते हुए, गुलावट घाटी के पास नीलगिरी और बांस के जंगल भी हैं जो आपको प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताने का अवसर प्रदान करते हैं। आप जंगल में छोटे तालाब भी देख सकते हैं जहां यशवंत सागर बांध से पानी आता है। आप पास के गुलावट गांव में भी टहल सकते हैं और यहां के स्थानीय लोगों की जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ फागोत्सव 2026

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** लोकरंजन परिषद् में आयोजित फागोत्सव 2026 का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रंग, उमंग और लोक परंपराओं से सजे इस भव्य आयोजन ने उपस्थित जनसमूह को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम की सफलता में नामदेव नि:शुल्क योग समिति, राममंच समिति तथा शिवबाड़ी योग समिति



के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी समितियों ने तन, मन और धन से सहयोग प्रदान कर आयोजन को यादगार बना दिया। विशेष रूप से महिलाओं की सक्रिय सहभागिता, सहयोग और समर्पण कार्यक्रम की सफलता का प्रमुख आधार रहा। बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयासों और आपसी समन्वय ने आयोजन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर योग शिक्षक मोहनलाल शर्मा ने सभी समितियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि आयोजन में किसी प्रकार की कोई त्रुटि रह गई हो तो सुझाव अवश्य दें ताकि भविष्य में और अधिक सुव्यवस्थित एवं बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा सकें। फागोत्सव 2026 ने एक बार फिर सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन के सफल संपादन पर सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों में हर्ष का वातावरण रहा।

## बावलिया बाबा की हवेली बनी म्यूजियम, लोकार्पण 19 को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में बावलिया बाबा की हवेली को म्यूजियम में परिवर्तित किया गया है, जिसका लोकार्पण 19 मार्च को होगा। अरुण केडिया ने बताया कि इस अवसर पर ऊबली बालाजी से बुगाला घाम तक डीजे पर निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया जाएगा। बावलिया बाबा की हवेली में उनके उपयोग की गई वस्तुएं, स्मृति चिह्न और हवेली की पारंपरिक संरचना को संरक्षित रखा गया है। यह म्यूजियम परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट मुंबई द्वारा बनाया गया है। यहां उनके जीवन और कार्यों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें उनके उपयोग की गई वस्तुएं, पुराने दस्तावेज और पारंपरिक वस्त्र शामिल हैं। म्यूजियम के निर्माण में बावलिया बाबा के परिवार के सदस्यों और ट्रस्ट का सहयोग रहा है। 19 मार्च को होने वाले लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, और निशान यात्रा के दौरान बावलिया बाबा के भजन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। बावलिया बाबा एक महान संत थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और भक्ति में समर्पित किया था। उनके म्यूजियम में उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। बाबा के उपयोग की गई वस्तुएं जैसे की उनके कपड़े, पूजा की वस्तुएं और उनके द्वारा लिखे गए हस्तलिपि को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा, म्यूजियम में बावलिया बाबा के जीवन से जुड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं। गौरतलब है कि बावलिया बाबा का जन्म बुगाला की इसी हवेली में हुआ था और उन्होंने अपने जीवन को समाजसेवा और भक्ति में समर्पित किया था। वह एक महान संत थे, जिन्होंने लोगों को सही रास्ते पर चलने और भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया था। यहां उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। समारोह में परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री रतन सिंघानिया, जनसेवा ट्रस्ट के आत्माराम शर्मा सहित अनेक संत भी शामिल होंगे।

## स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में 6 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** निम्बी जोधा के प्रतिष्ठित सरकारी शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 मार्च से प्रारंभ होगी। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालय प्रिंसिपल राहुल बाहरिया ने बताया कि कक्षा एक में नई 40 सीट, कक्षा 6 में 40 सीटें और कक्षा 2 से कक्षा 9 वीं तक रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के इच्छुक अभिभावक 6 मार्च से 16 मार्च तक आवेदन पत्र भर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 23 मार्च को पात्र विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश प्रपत्र 25 मार्च से भरवाए जाएंगे। नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से होगा। कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर विद्यार्थियों का चयन रिक्त सीट के लिए किया जाएगा। प्रवेश के समय अभिभावकों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र या अध्ययनरत प्रमाण पत्र, पूर्व कक्षा की अंकतालिका, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए छह मार्च को नरैना क्षेत्र में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर ब्राह्मण समाज धर्मशाला में प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा, जहां खाद्य व्यापारियों को मौके पर ही लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। यह आयोजन आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के आदेशों की अनुपालना में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के निर्देशानुसार किया जा रहा है। डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, कैटरिंग, फास्ट फूड, चाट, पकौड़ी, फल-सब्जी ठेला व स्टॉल संचालकों सहित विभिन्न खाद्य व्यवसायियों के आवेदन ऑनलाइन स्वीकार कर मौके पर ही लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन जारी करेंगे। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम-विनियम 2011 के प्रावधानों की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर के दौरान एमएफटीएल मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता और मिलावट के प्रति जागरूक किया जाएगा। इच्छुक लोग मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच भी करवा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार जिन खाद्य कारोबारियों का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपए से कम है, उनका फूड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपि और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। वहीं 12 लाख रुपए से अधिक टर्नओवर वाले कारोबारियों को फूड लाइसेंस के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि साथ लानी होगी।

## 7 से 15 मार्च तक आयोजित होगा राज सखी राजीविका मेला

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद झुंझुनूं (राजीविका) द्वारा 7 मार्च से 15 मार्च तक जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राज सखी राजीविका मेला 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिलाएं अपने अपने हुनर के माध्यम से अपने प्रोडक्ट को पहचान देकर अपना एक मुकाम हासिल कर सके। राज्य सरकार की पहल पर जिला प्रशासन व राजीविका के संयुक्त प्रयासों से जिले में प्रथम बार उक्त राजसखी राजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास ने बताया कि मेले में महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित उत्पाद की बिक्री एवं प्रतिदिन सायं 6 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेला प्रात: 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा।

## 12 मार्च को लगेगा विशेष शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दूर दराज क्षेत्र के पेंशनर्स को अपनी परिवेदनाओं शिकायतों के समाधान के लिए संभाग स्तर पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क करना पड़ता है। पेंशनर्स की मुख्य परिवेदना जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के भुगतान से सम्बंधित होती है। पेंशन विभाग द्वारा कोष कार्यालय स्तर पर पेंशनर्स की परिवेदनाओं के निवारण के लिए 12 मार्च को प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपकोष पेंशन झुंझुनू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए अतिरिक्त कोषाधिकारी पेंशन प्रेरणा कालेर को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आंदोलनों के अग्रदूत बाबल ने देहदान कर छोड़ी प्रेरणा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** वरिष्ठ वामपंथी नेता और किसान आंदोलनों के अग्रणी रहे कॉमरेड रामेश्वर सिंह बाबल का 3 मार्च मंगलवार को 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। रामेश्वर सिंह बाबल वर्ष 1965 से भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सक्रिय सदस्य रहे। उन्होंने आजादी के बाद के किसान आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉमरेड घासीराम के लेवी आंदोलन से लेकर कॉमरेड अमराराम के नेतृत्व



स्व: - कॉमरेड रामेश्वर लाल बाबल
DATE - 11 june 1924 to 3 march 202

में वर्ष 2017 में चले बिजली आंदोलन तक वे अग्रिम पंक्ति में सक्रिय रहे। समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जीवन के अंतिम क्षण तक निभाते हुए उन्होंने अपनी पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज झुंझुनू को दान कर दीए ताकि मेडिकल छात्र अध्ययन व शोध कर सकें। उनका यह निर्णय समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बन गया है। परिवार में उनके दो पुत्र और पांच पुत्रियां हैं।

अंतिम यात्रा में सीपीआई एम, प्रदेश सचिव मंडल सदस्य एडवोकेट फूलचंद बर्बर, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानू, सीपीआई एम जिला सचिव राजेश बिजारनिया, तहसील सचिव महिपाल पूनिया, हंसासर सरपंच महेंद्र सिंह बाबल, जिला परिषद सदस्य डॉक्टर राजेश बाबल, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुर्जर, डीएसएमएम जिला संयोजक सचिन चोपड़ाए पूर्व जिला सचिव सुमेर बुड़ानिया, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया जिला उपाध्यक्ष शाहिद चैनपुरा, किसान सभा तहसील अध्यक्ष देवकीनंदन बसेरा, महासचिव अरविंद गढ़वाल, सुभाष बाबल, नयूम धनुरी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मानसरोवर विराट सिंधु मेला 16 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति सेक्टर-12 अग्रवाल फार्म मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में मानसरोवर विराट सिंधु मेला-2026 का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में यह मेला अग्रवाल फार्म स्थित एसएफएस सामुदायिक केंद्र में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। श्री झूलेलाल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार लख्यानी ने बताया कि दोपहर 2 बजे शीश महल झूलेलाल मंदिर से भव्य ज्योत यात्रा निकाली जाएगी। जो मध्यम मार्ग से होते हुए एसएफएस सामुदायिक केंद्र पहुंचेगी। यहां श्री अमरापुर स्थान के संत सांई मोनू राम महाराज एवं संत मंडली के सान्निध्य में ज्योत प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण होगा। मेले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में इंडियन आइडल फेम मोहित शेवानी का लाइव कॉन्सर्ट पहली बार जयपुर में आयोजित होगा। वे अपनी टीम के साथ जर्नी ऑफ सिंधीज की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जो सिंध, सिंधी और सिंधियत की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित होगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7:15 बजे से शुरू होंगे। मेले में सिंधु संस्कृति को दर्शाती झांकियां, भगवान झूलेलाल चित्र रंग भरो प्रतियोगिता तथा सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अप्रैल 2025 के बाद जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

## बालिका सैनिक स्कूल के लिए चयन परीक्षा 8 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में चरणबद्ध रूप से प्रथम चरण में राजस्थान बालिका सैनिक स्कूल के लिए चयन परीक्षा 2026 का आयोजन 8 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा।

शिक्षा विभागीय परीक्षाओं के पंजीयक ने बताया कि विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के माध्यम से पूज्या रामीदेवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक स्कूल जयमलसर, बीकानेर एवं महाराव शेखाजी बालिका सैनिक स्कूल, सीकर में प्रवेश के लिए चयन किया जाएगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र शाला दर्पण पोर्टल के बालिका सैनिक स्कूल टेब के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

## अभिनन्दन समारोह आज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री गांधीबाल निकेतन के तत्वावधान में चूरू जिले की समस्त राजकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाकर स्मार्ट कक्ष निर्मित करने वाली परियोजना के अद्वितीय सहयोगी नथमल सराफ परिवार के नर नारायण सराफ एवं प्रदीप सराफ के अभिनन्दन समारोह आज शुक्रवारए 6 मार्च 2026 प्रात: 10:30 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल होगा। उक्त जानकारी प्रभारी राजीव उपाध्याय ने दी।

## होली मिलन एवं फागोत्सव आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से शुक्रवार की सायं 6:30 बजे से क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि होली मिलन एवं फागोत्सव में राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा कृष्ण महारास, फूलों की होली, मयूर नृत्य एवं राजस्थानी गीतों पर लोकनृत्यों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## आम सूचना

मैं दया सिंह पुत्र जीतु सिंह, जाति-राजपूत, निवासी-रायला, तहसील-पिलानी, जिला-झुन्झुनू (राज.) शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र रविन्द्र सिंह व उसकी पत्नी पूजा बाई आज-कल मेरे व मेरी पत्नी के कहे अनुसार नहीं चल रहे है तथा हमसे अलग रहते है, हमारी कोई सेवा सुश्रषा नहीं कर रहे है व ना ही हमारी किसी प्रकार से कोई भरण-पोषण की व्यवस्था कर रहे है। हमारी वृद्ध अवस्था में किसी प्रकार की कोई सुध नहीं ले रहे है। इसलिए मैने मेरे पुत्र रविन्द्र सिंह व उसकी पत्नी यानि मेरी पुत्रवधु पूजा बाई को हमारी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया हैं तथा मेरे पुत्र रविन्द्र सिंह व उसकी पत्नी पूजा बाई से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार या लेन देन नहीं करें। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा जिसके लिए मैं व मेरी पत्नी सरोज कंवर जिम्मेदार नहीं रहेगें।

## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरे मुवकिल मोहम्मद कयुम पुत्र मोहम्मद रफिक अपने आवासीय प्लॉट 119 के भाग क्षेत्रफल 213.06 वर्ग गज वाके जो गनी कोलोनी, झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू स्थित है, उक्त प्लॉट की पिछे की रजिस्ट्री (गिफ्ट डीड) जो विरेन्द्र कुमार पुत्र भगवान सिंह के नाम से दिनांक 30.03.2021 की बनी हुई है। जिसका दस्तावेज क्रमांक नं. 202103228101386 है। उक्त असल गिफ्ट डीड मेरे मुवकिल मोहम्मद कयुम से कही गुम हो गई है। मेरे मुवकिल मोहम्मद कयुम पुत्र मोहम्मद रफिक ने उक्त प्लॉट विरेन्द्र कुमार से खरीदा था है। उक्त प्लॉट मेरे मुवकिल मोहम्मद कयुम पुत्र मोहम्मद रफिक द्वारा श्रीमती सरोज पत्नी संन्दीप कुमार को विक्रय किया जा रहा है। मेरे मुवकील मोहम्मद कयुम पुत्र मोहम्मद रफिक जाति मुसलमान निवासी अब्दुल कोलोनी झुंझुनू द्वारा विक्रय करने, लोन लेने पर किसी को कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/ उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट**
**मो 9413434882**

## आम सूचना

Au small finance bank शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पूरणमल पुत्र सुरजाराम जाट निवासी सरदारशहर जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 837.75 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 21, तहसील सरदारशहर जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 05.05.2025 को छतर सिंह पुत्र केशरीचंद बंठिया इत्यादि से खरीद शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Au small finance bank शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट**
**मो. 78774 80007, 78774 70007**

## रौद्र संवत्सर का आरंभ 19 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होगा। वर्ष भर होने वाले धार्मिक संकल्प, पूजा-पाठ और अनुष्ठानों में संकल्प संवत्सर के रूप में रौद्र नाम का उच्चारण किया जाएगा। नवसंवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होगा, जो शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व है। भारतीय पंचांग के अनुसार इसी दिन से नव संवत्सर का आरंभ माना जाता है, जिसे सृष्टि के नवचक्र की शुरुआत का प्रतीक भी कहा गया है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष ब्रह्मांडीय व्यवस्था में विशेष परिवर्तन होगा तथा देव गुरु बृहस्पति सृष्टि की सत्ता के प्रमुख अधिष्ठाता माने जाएंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार संवत 2083 का नाम रौद्र संवत्सर होगा, जिसका स्वभाव तीव्र और परिवर्तनकारी माना जाता है। रौद्र संवत्सर का प्रभाव प्राकृतिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकता है। इस दौरान मौसम में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। गर्मी के मौसम में कहीं अत्यधिक तापमान और लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है, वहीं कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसके विपरीत कुछ स्थानों पर अल्पवर्षा या सूखे की स्थिति भी बन सकती है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आंधी-तूफान, भूकंप और अतिवृष्टि की घटनाओं में वृद्धि की आशंका भी जताई जा रही है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. मिश्रा के अनुसार रौद्र संवत्सर में मंत्री पद पर मंगल देव का प्रभाव रहेगा। मंगल को उग्रता और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इस दौरान हिंसा और अपराध की घटनाओं में वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। लोगों के स्वभाव में क्रोध और आवेश बढ़ सकता है तथा रक्त संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढने की आशंका है। हालांकि ग्रहों की संतुलित स्थिति के कारण परिस्थितियां पूरी तरह अनियंत्रित नहीं होंगी और नियंत्रण बना रहेगा।

## नारी शक्ति का महाकुंभ 8-9 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी में 8 व 9 मार्च 2026 को शशक्ति वंदन - भारत के स्व का अभिनंदन दो दिवसीय महाआयोजन जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में आयोजित होगा। आयोजन नारी सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और सांस्कृतिक गौरव को समर्पित रहेगा। आयोजन के तहत शक्ति कवच अभियान में 9 से 14 वर्ष की करीब 1000 बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन किया जाएगा। सेवायाम संस्था के तत्वावधान में अब तक हजारों बालिकाओं व महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मार्च को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण होगा। सुबह 9 से 11 बजे तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में 500 से अधिक महिलाएं व बालिकाएं पारंपरिक शस्त्र प्रशिक्षण के तहत तलवार चलाने का अभ्यास करेंगी। आयोजन में अभिनेत्री रवीना टंडन, ईशा कोप्पिकर और विधायक व गायिका मैथिली ठाकुर सहित कई प्रबुद्धजन विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। जेन-जी का विकसित भारत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर वूमन, उद्यमिता में नारी शक्ति और स्वस्थ नारी-समृ समाज जैसे विषयों पर संवाद होगा। समापन सत्र में राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका वंदनीया सीता ताई व्याख्यान देंगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/46-47 दिनांक :- 05/03/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कुमावास के ग्राम कुमावास में गदे पानी की निकासी हेतु नाला निर्माण हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 6 | ZJU2526A0831 | ZJU2526WSOB01404 | 2026_PRD_543823_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/196 दिनांक :- 05/03/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां में निर्माण करने हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| निविदा सूचना संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 07/2025-26 | ZJU2526A0828 | ZJU2526WSOB01401 | - |
| 08/2025-26 | ZJU2526A0829 | ZJU2526WSOB01402 | 2026_PRD_543802_1 |
| 09/2025-26 | ZJU2526A0830 | ZJU2526WSOB01403 | 2026_PRD_543811_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम तोगड़ा कलां से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# नोहाल बने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील खांडल ने स्थानीय निवासी एडवोकेट विनोद कुमार नोहाल को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। एडवोकेट नोहाल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व पालिकाध्यक्ष किशोरीलाल बील, खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के संरक्षक रघुनाथ प्रसाद जोशी, संस्थान के अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया, युवा मंडल के अध्यक्ष दीपक डिडवानिया, पवन माटोलिया, एडवोकेट मनीष जोशी, मुकेश रिणवा, रतनगढ़ नागरिक परिषद जयपुर के सचिव मनीष रिणवा, सत्यनारायण पुरोहि मेलूसर, पवन कुमार पिपलवा व राजकुमार बंणसीया, तीरुपुर तामीलनाडू, रमाकांत काछवाल रामगढ़, मुरलीधर मंडगीरा, श्याम सुंदर नोहाल, मुकेश जोशी, ओमप्रकाश मंगलहारा, अशोक कुमार जोशी, विनय बंशीया, श्याम सुंदर जोशी, गजानंद चोटिया, पंकज जोशी सहित कई समाज के गणमान्यजनों ने बधाई देते हुए खांडल विप्र विश्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील खांडल का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट नोहाल पूर्व में 6 वर्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं 3 वर्ष उपाध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही संरक्षक मंडल में भी है।

# ट्राई अधिकारी बताकर ठग आमजन को बना रहे है अपना शिकार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह ने बताया कि आजकल जालसाज खुद को ट्राई भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक साइबर सेल पुलिस मुख्यालय शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर लोगों को ठगने के लिए मुख्य रूप से इन चार तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### डिजिटल अरेस्ट : डर का नया हथियार

अपराधी खुद को सीबीआई, पुलिस, कस्टम या ईडी का अधिकारी बताते हैं। वे दावा करते हैं कि आपके आधार कार्ड या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग या ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में हुआ है। आपको वीडियो कॉल पर बंधक डिजिटल अरेस्ट जैसा माहौल बनाकर डराया जाता है और केस रफा-दफा करने के नाम पर मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली जाती है।

### सिम डीएक्टीवेशन और केवाईसी फ्रॉड

आपके पास मैसेज आता है कि अगले 2 घंटे में आपकी सिम बंद हो जाएगी। केवाईसी अपडेट करने के बहाने अपराधी आपसे फर्जी ऐप डाउनलोड करवाते हैं या लिंक पर क्लिक करवाते हैं। इससे आपका सिम स्वैप हो जाता है और अपराधी कॉल और एसएमएस फॉरवर्डिंग के जरिए आपके बैंकिंग ओटीपी हासिल कर लेते हैं।

### मोबाइल टावर का फर्जी लालच

ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में यह स्कैम तेजी से फैल रहा है। ठग आपकी जमीन पर टावर लगाने के बदले 20 हजार से 50 हजार मासिक किराया और लाखों रुपये एडवांस देने का लालच देते हैं। इसके बाद एग्रीमेंट फीस या रजिस्ट्रेशन के नाम पर आपसे पैसे ऐंठ लिए जाते हैं।

### फर्जी सरकारी पत्र

अपराधी ट्राई, सीबीआई या दूरसंचार विभाग के फर्जी लोगो और लेटर हेड का उपयोग कर ईमेल या पत्र भेजते हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती है ताकि डर के मारे व्यक्ति उनकी मांगों को मान ले।

### खुद को ऐसे बचाएं

ट्राई कभी भी किसी व्यक्ति को वीडियो कॉल पर पूछताछ के लिए नहीं जोड़ता और न ही डिजिटल अरेस्ट करता है। यदि कोई खुद को सरकारी अधिकारी बताकर डराए, तो तुरंत फोन काट दें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। टावर इंस्टालेशन से जुड़ी किसी भी जानकारी की पुष्टि दूरसंचार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर करें। यदि आप या आपके आसपास कोई भी व्यक्ति इस तरह की ठगी का शिकार होता है, तो बिना देर किए सूचना हेल्पलाइन 1930, विशेष हेल्पडेस्क 9256001930 / 9257510100, ऑनलाइन पोर्टल सहित नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन पर दे।

# ग्राम विकास अधिकारी व दलाल आठ हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की प्रतापगढ़ टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी यशवंत जोशी और दलाल राजमल ई-मित्र संचालक को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि इस ट्रैप कार्रवाई में सामने आया कि परिवादी से मकान के पट्टे की रजिस्ट्री कराने के एवज में कुल 12 हजार रुपये की मांग की गई थी। शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत सुहागपुरा के ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत कचोटिया के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे यशवंत जोशी ने दलाल राजमल के माध्यम से रिश्वत की मांग की। सत्यापन में यह पुष्टि हुई कि 8 हजार रुपये रजिस्ट्री से पहले और शेष राशि बाद में देने का तय हुआ था। जिस पर एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई कर दलाल राजमल को 8 हजार रुपये लेते हुए पकड़ लिया।

# पुलिस प्रशासन व धरनार्थियों के बीच बनी सहमति, दूसरे दिन धरना समाप्त

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय के आगे जाकिर दमामी की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर दो दिनों से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा था। धरने के दूसरे दिन पुलिस प्रशासन व एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित सहित धरनार्थियों के बीच सहमति बनने पर धरना समाप्त किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपूर्द कर दिया। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर 10 दोनों का समय मांगा गया है। जिसको लेकर हमारे द्वारा मामले की पूरी निष्पक्ष जांच को लेकर पुलिस को 10 दिनों का समय दिया गया है। हमारे द्वारा एक-एक बिंदु पर पुलिस के साथ वार्ता की गई। जिसमें पुलिस द्वारा सहमति जताने पर धरना दूसरे दिन समाप्त कर दिया गया है एवं पुलिस



द्वारा मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। धरनार्थियों ने बताया कि अगर 10 दिनों के बाद अगर पुलिस प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करता है तो पुलिस थाने का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पिछले दो दिनों से धरने पर दमामी समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित शहर के अनेक लोगों ने मृतक को न्याय देने की मांग को लेकर धरने का समर्थन किया। पंचायत समिति के निर्वतमान उपप्रधान केसरी चंद शर्मा ने भी धरनार्थियों के बीच पहुंचकर धरने का समर्थन करते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** करधनी थाना इलाके में बुधवार देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक पर जा रहे युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे से में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कालवाड़ पुलिया के पास लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्त के बाद यातायात सुचारु कराया। हेड कांस्टेबल महावीर प्रसाद ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कालवाड़ पुलिया के पास बुधवार रात करीब सवा 12 बजे दिल्ली-अजमेर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने चूरु के सातडा हाल विश्वकर्मा नींदड मोड निवासी मनोज की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार पेंटर मनोज उझलकर ट्रेलर के टायर के नीचे आ गया और तेज रफ्तार ट्रेलर उसे कुचलता हुआ फरार हो गया। मनोज ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी और शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से गुरुवार दोपहर को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर ट्रेलर चालक के खिलाफलापरवाही से वाहन चलाने और हादसे के बाद फरार होने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# गोविंद देवजी मंदिर में गणगौर पूजन आठ मार्च को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार आठ मार्च को सुबह नौ बजे से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं के अखंड सुख-सौभाग्य की कामना के साथ गणगौर और ईसर का पूजन किया जाएगा। विवाह के बाद पहली बार गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहिताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम नि:शुल्क है। इसमें कोई भी शामिल हो सकते हैं। कोई भी सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं है। नव विवाहिताओं के अलावा अन्य सुहागिन महिलाएं भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती है। इस मौके पर नि:शुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी होगा। यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार की टोली करेगी।

महिला दिवस पर आयोजित



कार्यक्रम का संचालन महिला टोली करेंगी। यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा भी महिलाएं ही संभालेगी।

सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए मंगला गौरी का विशेष पूजन किया जाएगा। निर्धारित समय नौ बजे तक यज्ञशाला में आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष उपहार प्रदान किया जाएगा। यज्ञ में कोई भी शामिल हो सकेंगे।

## लाखों के विद्युत उपकरण चोरी कर तोड़फोड़ करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों पहले 8 लाख 23 हजार रुपए के विद्युत उपकरणों आरएमयू में तोड़फोड़ कर उसमें लगे सामान को चुराने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी करने वाले उपकरणों को बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों पहले 8 लाख 23 हजार रुपए के विद्युत उपकरणों आरएमयू में तोड़फोड़ कर उसमें लगे सामान को चुराने वाले शातिर बदमाश विष्णु गोस्वामी निवासी मध्यप्रदेश हाल करधनी निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई गए विद्युत उपकरण आरएमयू में लगे अर्थिंग पत्ती, तार एवं चोरी के काम में लिए जाने वाले उपकरण रिंच चाबी व पेचकश को जब्त किया है।

# नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, राजेंद्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा 5 मार्च बुधवार को श्रीमाधोपुर के स्व. चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 78 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजक रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 91 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 44 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया। जहां चयनित मरीजों का




नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है कि चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था निरूशुल्क की जाएगी। तथा चश्मे भी नि:शुल्क दिये जायेगें। इस अवसर पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर नेहा, अजीत सिंह तंवर, आप्टम आशीष, दुष्यंत शर्मा, गुंजन,सानिया, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, सचिव अमित गिनोडिया, दीनदयाल सतीजा तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। गुरुवार के शिविर में गत शिविर के आपरेशन हो चुके मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्मे दिये गये। बताया गया है कृपया इससे पहले आयोजित 77 शिविरों में 7122 पंजीकरण, जिनमें से 2372 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह का नेत्र शिविर क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 79 वां शिविर 1 अप्रैल, 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आयोजित

निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** कस्बे के मणोत हॉस्पिटल मार्ग पर बीदासर निवासी एवं बैंगलोर, चेन्नई अमेरिका के डलास प्रवासी गिड़िया परिवार के सौजन्य से स्व. हनुमानमल, श्रीकंवरी व डूंगरमल गिड़िया की पुण्य स्मृति एवं आशीर्वाद से भव्य श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व हनुमान अतिथि गृह का लोकार्पण कार्यक्रम गुरुवार को हुआ। लोकार्पण से पूर्व गिड़िया निवास से कस्बे के प्रमुख मार्गों से



गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा व मूर्ति का नगर भ्रमण शोभायात्रा मंदिर प्रांगण तक निकाली गई। इस अवसर पर पंडित बजरंग लाल दाधीच, पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा व पंडित हनुमानमल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। बुधवार की देर शाम तक मंदिर प्रांगण में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हवन, पूजन एवं अनुष्ठान और भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान पन्नालाल, कन्हैयालाल, हंसराज, कमल, निलेश, नवीन, प्रवीण, नितेश, मनीष, अरिहंत गिड़िया, बहन शोभा सिंघी, उम्मेद सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम में अणुव्रत समिति के अध्यक्ष दानमल बांठिया, बाबूलाल सेखानी, राजेश बैगानी, सुरेंद्र टांटिया सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ शुरू, कलश यात्रा निकाली

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर के श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम में गुरुवार को सात दिवसीय नवकुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन रामराजा सरकार के पाटोत्सव के अवसर पर किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समिति के अनिल मारवाल और उमाशंकर गोठवाल ने बताया कि यह कलश यात्रा महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज सहित अन्य संत-महात्माओं के सानिध्य में निकाली गई। यात्रा में घोड़े, बग्गियां और बैंड.बाजे शामिल थे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। आश्रम से शुरू हुई यह कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ संत-महात्माओं का स्वागत किया, जिससे पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। यज्ञ स्थल पर उज्जैन से आए विद्वान




विप्रजनों ने वेदमंत्रों का उच्चारण करते हुए मंडप प्रवेश कराया। उन्होंने अरणी मंथन विधि से अग्नि प्रज्वलित कर नवकुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों की गूंज से आध्यात्मिक माहौल छा गया।

महायज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर धर्म, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जगद्गुरू रामानंदाचार्य नेपाल, जगद्गुरू अनुभवानंदाचार्य पलवल, महामंडलेश्वर कल्याणदास महाराज मध्यप्रदेश, महामंडलेश्वर दीनबंधुदास दिल्ली, महंत सियारामदास पंचमुखी हनुमान मंदिर गुणे, महामंडलेश्वर रामरतनदास जयपुर, महंत हरिशंकर दास जयपुर, महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज भीलवाड़ा, महामंडलेश्वर सनकादिकाचार्य पप्पू महाराज मध्यप्रदेश, महामंडलेश्वर नृसिंहदास महाराज मांडवगढ़ मध्यप्रदेश समेत कई संत और शहर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रजत महल में साक्षात विराजे खाटू नरेश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन के महीने में रही फागोत्सव की धूम चैत्र माह में भी जारी है। चैत्र कृष्ण द्वितीया गुरुवार को सोडाला के बाल निवास गार्डन में विशाल फागोत्सव और श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। रजत महल में साक्षात श्याम बाबा विराजमान रहे। खाटू श्याम मंदिर की तर्ज पर यहां भी श्याम बाबा के शीश के दर्शन हुए। श्रद्धालुओं को लगा मानो वे खाटू श्याम मंदिर में ही बाबा के दर्शन कर रहे हो। श्याम भजन संध्या के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर श्री श्याम भजन संध्या का शुभारंभ किया। गोपाल शर्मा ने कहा कि फाल्गुण की मस्ती एक महीने की मोहताज नहीं है। यह बारह महीने छाई रहनी चाहिए। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण, शॉल, साफा, प्रतीक चिह्न भेंट कर गोपाल शर्मा का जन्म दिन पर अभिनंदन किया। गालव आश्रम के अवधेशाचार्य महाराज, युवाचार्य राघवेन्द्र, श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया, श्री श्याम



मंदिर रामगंज के महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में आयोजित भजन संध्या में संतोष व्यास, कुमार गिर्राज, अमित नामा, सत्यनारायण दाधीच, आशीष दाधीच एवं रूकलेश कुमार सहित अनेक भजन गायकों ने खाटू श्याम बाबा के भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। संपूर्ण परिसर श्याम नाम के जयकारों से गुंजायमान रहा। फागोत्सव के अंतर्गत पुष्प वर्षा और गुलाल के साथ भक्तों ने सामूहिक रूप से आनंद मनाया। कार्यक्रम का समापन आरती एवं भोजन प्रसादी के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। आयोजन में धर्म, राजनीति, व्यापार, खेल सहित सभी क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहे।

# गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से प्रारंभ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सीकर कमाण्डेन्ट राजेश यादव ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर, झुन्झुन, चूरू के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक परेड ग्राउण्ड, पुलिस लाईन, सीकर पर आयोजित की जायेगी।

नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जायेगी।

जिसमें केन्द्र, के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि एवं जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे।

14 दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में जिला सीकर की 67, झुन्झुनूं की 15 एवं चूरू की 52 रिक्तियों (कुल रिक्तियां 134) के विरुद्ध जिला सीकर से 21024, झुन्झुनूं से 13370 एवं चूरू से 7003 प्राप्त आवेदनों के कुल 44497 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जायेगी तत्पश्चात अभ्यर्थी दिये गये लिंक अथवा विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया लगभग 3 सप्ताह तक चलने की सम्भावना है। जिसके लिए अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों से सम्बन्धित प्रवेश पत्र में वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों की पूर्ण पालना की जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी को निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जिले का मूलनिवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ संलग्न महत्वपूर्ण अन्य सभी दिशा-निर्देशों की पालना करनी आवश्यक होगी। नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को ग्राउण्ड से बाहर जाकर कोई भी दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं होगी।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01572-240060 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध बीयर के 20 कॉर्टस व शराब जब्त

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने होली में सप्लाई की जाने वाली अवैध शराब व बीयर जब्त की है। पुलिस ने अवैध शराब की सप्लाई के काम में लिए जाने लग्जरी वाहन को जब्त कर शराब तस्करों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से अवैध शराब तस्करी से जुड़े लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रहीं है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि होली पर हुडदंगियों एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध ऑपरेशन क्लीन स्वीपउ चलाया गया था। इस अभियान के विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम को सूचना मिली कि विधायकपुरी थाना इलाके में स्थित दर्गा विजनेस सेंटर संजय मार्ग पर एक लग्जरी वाहन एक्सयूवी-700 खड़ी हुई है। जिसकी नंबर डिग्गी में अलग- अलग ब्रांड बीयर के 20 कार्टून रखे है । जिसमें कुल 479 बोतल भरी हुई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचे कर मोहित तिलवानी 21 निवासी विधाधर नगर को गिरफ्तार कर बीयर के कार्टून व अवैध शराब तस्करी के लिए काम में लिए जाने वाली लग्जरी कार को जब्त कर लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध शराब तस्करों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190